संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, बुधवार, 27 सितंबर 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विकास और विश्वेश्वरैया भवन का औचक निरीक्षण किया।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 08 अंकः 258 पृष्ठः 12

RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com हरियाणा संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# पीएम ने 51 हजार युवाओं को दी नौकरी की सौगात

= रोजगार मेला युवाओं को सशक्त बनाने और देश के विकास में उनकी सक्रिय भागीदारी को मजबूत करने का समर्पित प्रयासः मोदी

**नियुक्ति पत्र**

8 सरकार की नीति महिलाओं के लिए नए दरवाजे खोलने की है

8 युवाओं को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को रोजगार मेला में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से 51000 युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा कि रोजगार मेला युवाओं को सशक्त बनाने और देश के विकास में उनकी सक्रिय भागीदारी को मजबूत करने के समर्पित प्रयास के रूप में सामने है। उन्होंने कहा कि नए संसद भवन से देश का नया भविष्य शुरू हुआ है। सरकार की नीति महिलाओं के लिए नए दरवाजे खोलने की है। प्रधानमंत्री ने नव नियुक्त युवाओं को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि आप सभी ने कड़े परिश्रम से यह सफलता हासिल की है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज हमारा देश ऐतिहासिक उपलब्धियों और फैसलों का साक्षी बन रहा है। कुछ दिन पहले ही नारी शक्ति वंदन अधिनियम के रूप में देश की आधी आबादी को बहुत बड़ी ताकत मिली है। 30 वर्ष से महिला आरक्षण का जो विषय लंबित था, वो अब रिकॉर्ड मतों के साथ दोनों सदन से पास हुआ है।

**नई जेनरेशन अपने काम में तकनीक का इस्तेमाल बढ़ाएः** देश ने तय किया है कि 2047 तक विकसित बनना है। अगले कुछ साल में हम दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी इकोनॉमी बनने वाले हैं। आप वो जेनरेशन हैं जो तकनीक के साथ बड़ी हुई है। आपको अपने काम में उस तकनीक का इस्तेमाल करना होगा।

**तकनीकी बदलावों से आसान हुए सरकारी कामः** तकनीकी बदलावों ने सरकारी काम को आसान बनाया है। पहले लोग रेलवे स्टेशन के बुकिंग काउंटर पर कतारों में खड़े होते थे।



## भारत की कूटनीति ने नई ऊंचाईयां छुईं : पीएम मोदी



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि पिछले 30 दिनों में भारत की कूटनीति ने नई ऊंचाईयां छुईं है। प्रधानमंत्री ने भारत मंडपम में जी 20 यूनिवर्सिटी कनेक्ट फिनाले कार्यक्रम को संबोधित किया। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने भारत की जी 20 अध्यक्षता से जुड़ी चार पुस्तकों का भी विमोचन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने पिछले 30 दिनों का रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत किया। भारत की पहल पर अफ्रीकन यूनियन के जी 20 का सदस्य बनने और भारत के चंद्रयान और सोलर मिशन का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा पिछले 30 दिन के घटनाक्रम पर एक नजर डालने से नए भारत की स्पीड और स्केल का पता चलता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के प्रयासों से 6 और देश ब्रिक्स समुदाय में शामिल हुए। उन्होंने कहा, "आप सभी को 23 अगस्त का दिन याद होगा। हर कोई इसके सफल होने के लिए प्रार्थना कर रहा था और फिर हर कोई खुशी से भर गया क्योंकि पूरी दुनिया ने हमारे देश की आवाज सुनी जब यह घोषणा की गई कि "भारत आगे बढ़ रहा है" द मून"।"

### 'सऊदी अरब भारत में 100 अरब डॉलर का करेगा निवेश'

"सऊदी अरब भारत में 100 अरब डॉलर का निवेश करने जा रहा है। पिछले 30 दिनों में मैंने 85 विश्व नेताओं के साथ बैठकें की हैं।" मोदी ने कहा कि जी 20 के आयोजन को भारत ने जिस ऊंचाई पर पहुंचा दिया है, उसे देखकर दुनिया बहुत चकित है। लेकिन मैं बिल्कुल हैरान नहीं हूं। क्योंकि जिस कार्यक्रम को सफल बनाने का बीड़ा आप जैसे युवा विद्यार्थी उठा लेते हैं, तो फिर उसका सफल होना तय है।

भारत युवा शक्ति द्वारा संचालित सकारात्मक परिवर्तनों का गवाह बन रहा है। जी20 यूनिवर्सिटी कनेक्ट फिनाले के दौरान ऊर्जावान युवाओं से जुड़कर खुशी हुई।

## दिल्ली में अब तक की सबसे बड़ी चोरी



जंगपुरा स्थित शोरूम से 20 से 25 करोड़ की ज्वैलरी चोरी | इसमें 5-7 लाख रुपये नगद रकम | दिल्ली के जंगपुरा में है उमराव सिंह ज्वैलर्स का शोरूम | छत के जरिए स्ट्रांग रूम तक पहुंचे | दीवार तोड़कर पूरे शोरूम पर हाथ साफ

# जंगपुरा के ज्वेलरी शोरूम से चोरों ने दीवार काटकर 25 करोड़ के जेवरात किए चोरी

**धरपकड़ जारी**

8 चोरों ने दीवार काटकर करीब 25 करोड़ रुपये के सोने व डायमंड के जेवरात चोरी कर लिए

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**देश की** राजधानी दिल्ली में अब तक सबसे बड़ी चोरी होने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पॉश इलाके जंगपुरा में स्थित उमराव सिंह ज्वेलर्स के शोरूम में चोरों ने सेंध लगाकर वारदात को अंजाम दे दिया। चोरों ने दीवार काटकर करीब 25 करोड़ रुपये के सोने व डायमंड के जेवरात चोरी कर लिए। दिल्ली में अब तक की सबसे बड़ी चोरी होने से दिल्ली पुलिस समेत तमाम सुरक्षा एजेंसियों में हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि चोर स्ट्रांग रूम की दीवार काटकर अंदर घुसे थे और वहां रखी सारी ज्वेलरी ले गए। निजामुद्दीन थाना पुलिस ने मामला दर्जकर जांच शुरू कर दी है। दक्षिण-पूर्व जिला पुलिस अधिकारियों के अनुसार, जंगपुरा में उमराव सिंह ज्वेलर्स शोरूम है। शोरूम के मालिक महावीर प्रसाद जैन ने बताया कि वह रविवार को देर शाम को शोरूम ठीक से बंद करके गए थे। जंगपुरा मार्केट सोमवार को बंद रहती है। वह मंगलवार सुबह शोरूम पर पहुंचे तो देखा कि शोरूम का दरवाजा खुला हुआ था। पूरा शोरूम खाली पड़ा था। चोरों ने शोरूम के सीसीटीवी कैमरे भी खराब कर दिए। पुलिस शोरूम के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। उन्होंने बताया कि वह रविवार को दुकान बंद करके गए थे और मंगलवार की सुबह जब दुकान खोली तो उन्हें पूरी दुकान में धूल दिखाई दी। पता लगाने पर पता चला कि चोरों ने स्ट्रांग रूम की दीवार को तोड़कर उसमें घुसे थे। मालिक का कहना है कि करीब 20-25 करोड़ की ज्वेलरी चोरी हुई है। इसमें 5-7 लाख रुपये नकद भी बताए जा रहे हैं। शोरूम के सभी कर्मचारी मंगलवार सुबह ड्यूटी पर आए थे। बताया जा रहा है कि चोर छत का ताला तोड़कर स्ट्रांग रूम तक पहुंचे थे। मौके पर स्थानीय थाना की पुलिस टीमें व पीसीआर की टीमें पहुंच गईं। साथ ही क्राइम टीम को और फॉरेंसिक टीम को जांच के लिए बुलाया गया।

**फास्ट न्यूज**

### जीएसटी परिषद की बैठक सात अक्टूबर को

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

माल एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद की अगली बैठक सात अक्टूबर को नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में होगी। केंद्रीय वित्त मंत्री की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसले होने की संभावना है। जीएसटी परिषद ने एक्स पोस्ट पर दी जानकारी में बताया कि जीएसटी परिषद की 52वीं बैठक सात अक्टूबर, 2023 को राजधानी नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में होगी। इस बैठक में ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों पर लगने वाली जीएसटी दर सहित कई अहम मुद्दों पर चर्चा हो सकती है। इससे पहले जीएसटी परिषद की 51वीं बैठक 2 अगस्त को संपन्न हुई थी। इस बैठक में कैसिनो, घुड़दौड़ और ऑनलाइन गेमिंग पर जीएसटी दरों को लेकर परिषद ने फैसला लिया था। इन तीन मदों पर जीएसटी की दर 28 फीसदी निर्धारित की गई थी। जीएसटी परिषद की बैठक में राज्यों के वित्त मंत्री भी शामिल थे।

### मणिपुर में जुलाई से लापता दो स्टूडेंट्स की हत्या

**टीम एक्शन इंडिया/इंफाल**

**मणिपुर** में जुलाई से लापता दो स्टूडेंट्स की हत्या कर दी गई है। दोनों के शव की फोटो सामने आई है। फोटो में दोनों की बॉडी जमीन पर पड़ी हुई नजर आ रही है। साथ ही लड़के का सिर कटा हुआ है। हालांकि दोनों के शव अभी तक नहीं मिले हैं। जुलाई में दोनों स्टूडेंट्स एक दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में दिखाई दिए थे, लेकिन उसके बाद से उनका पता नहीं चल सका है। मुख्यमंत्री ऑफिस के सूत्रों ने बताया- सरकार ने कहा है कि जो भी दोषी हैं, उन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल मामले की जांच सीबीआई कर रही है। लोगों से अपील की गई है कि मामले में संयम बरतें और जांच एजेंसियों को अपना काम करने दें। वहीं, मामले को लेकर इंफाल शहर में अन्य स्टूडेंट्स सड़क पर उतर गए और आंदोलन किया। सुरक्षाबलों ने उन्हें तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे। सूत्रों के मुताबिक, स्टूडेंट्स और सुरक्षाबलों के बीच हुई झड़प में 30 से ज्यादा स्टूडेंट्स घायल हो गए।

## एशियन गेम्सः भारत की घुड़सवारी ड्रेसेज टीम ने जीता स्वर्ण

**टीम एक्शन इंडिया/हांगझू**

**भारतीय** घुड़सवारी ड्रेसेज टीम ने मंगलवार को एशियाई खेल 2023 में भारत के लिए तीसरा स्वर्ण पदक जीता। यह एशियाड में घुड़सवारी ड्रेसेज में भारत का पहला पोडियम फिनिश है। हृदय छेदा, दिव्यकृति सिंह, अनुष अग्रवाल और सुदीप्ति हजेला की भारतीय मिश्रित टीम ने घुड़सवारी ड्रेसेज में भारत के लिए स्वर्ण पदक जीता। इस प्रतियोगिता में 41 साल बाद भारत ने स्वर्ण जीता है। भारत ने कुल 209.205 अंकों के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि चीन ने 204.882 अंकों के साथ रजत पदक पर कब्जा किया, वहीं हांगकांग (चीन) ने 204.852 अंकों के साथ कांस्य पदक पर कब्जा किया। इससे पहले आज नौकायन में भारत ने एक रजत सहित कुल तीन पदक जीते। भारतीय महिला नाविक 17 वर्षीय नेहा ठाकुर ने जहां लड़कियों की डिंगी- आईएलसीए 4 श्रेणी में रजत पदक जीता, वहीं, विष्णु सरवनन ने पुरुषों की डिंगी आईएलसीए7 स्पर्धा में 34 के स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता, इसके बाद इबाद अली पुरुषों की विंडसर्फर आरएस:एक्स स्पर्धा में 52 के स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर रहे। बता दें कि भारत ने अब तक इन खेलों में14 पदक अपने नाम कर लिये हैं।

### 'भारत दुनिया के सबसे प्रतिस्पर्धी विमानन बाजारों में से एक'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**इंडिगो एयर**लाइन के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पीटर एल्बर्स ने कहा कि भारत दुनिया के सबसे प्रतिस्पर्धी विमानन बाजारों में से एक है। पीटर एल्बर्स ने मंगलवार को यहां आयोजित अखिल भारतीय प्रबंधन संघ (एआईएमए) के सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि भारतीय बाजार में काफी प्रतिस्पर्धा है।

# आधार दुनिया की सबसे भरोसेमंद डिजिटल आईडी

## मूडीज की रिपोर्ट खारिज की, रेटिंग एजेंसी ने सुरक्षा-गोपनीयता पर सवाल उठाए थे

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**भारत** सरकार ने ग्लोबल रेटिंग एजेंसी मूडीज इन्वेस्टर्स सर्विस की रिपोर्ट को खारिज करते हुए आधार कार्ड को दुनिया का सबसे भरोसेमंद डिजिटल पहचान पत्र बताया है। मूडीज इन्वेस्टर्स ने जारी की गई अपनी रिपोर्ट में आधार से जुड़ी लोगों की सुरक्षा और गोपनीयता पर चिंता जाहिर की थी। रिपोर्ट में मनरेगा योजना का संदर्भ देते हुए कहा गया कि भारत के गर्म और उमस भरे क्लाइमेट में आधार के बायोमेट्रिक सिस्टम पर भरोसा नहीं किया जा सकता। कभी-कभी यह सही तरीके से काम नहीं करता। जिससे मजदूरों को सबसे ज्यादा परेशानी होती है। इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय ने प्रेस रिलीज जारी किया और मूडीज के दावे को आधारहीन बताया। सरकार ने कहा कि यह रिपोर्ट बिना किसी सबूत के आधार पर तैयार की गई है। भारत के 100 करोड़ से ज्यादा लोग इस पर भरोसा करते हैं।



### 'रिपोर्ट में आधार संख्या के आंकड़े गलत'

**इलेक्ट्रॉनिक्स** और आईटी मंत्रालय ने बताया कि मूडीज की रिपोर्ट में किसी तरह के डेटा या रिसर्च का हवाला नहीं दिया गया है। तथ्यों का पता लगाने का प्रयास भी नहीं किया गया। रिपोर्ट में एकमात्र संदर्भ यूनीक आइडेंटिफिकेशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया की वेबसाइट का है। वेबसाइट पर अब तक जारी किए गए आधार की संख्या दी गई है, जबकि रिपोर्ट में इनकी संख्या 120 करोड़ बताई गई है। यह आंकड़ा गलत है।

### फार्मा-मेडटेक क्षेत्र में अनुसंधान एवं नवाचार को बढ़ावा देने से जुड़ी योजना की शुरूआत

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**केन्द्रीय मंत्री** डॉ मनसुख मंडाविया ने मंगलवार को फार्मा-मेडटेक (फाइटोफार्मास्यूटिकल्स और चिकित्सा उपकरण) क्षेत्र में अनुसंधान एवं नवाचार को बढ़ावा (पीआरआईपी) योजना की शुरूआत की। योजना की शुरूआत के लिए मंगलवार को इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। अपने संबोधन में रसायन एवं उर्वरक मंत्री ने योजना की शुरूआत के बाद कहा, आज एक ऐतिहासिक दिन है, फार्मा और चिकित्सा उपकरण क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की यात्रा में एक महत्वपूर्ण मोड़ है। हमें भारतीय फार्मा और मेडटेक क्षेत्रों को लागत-आधारित से मूल्य-आधारित और नवाचार-आधारित उद्योग में बदलने की जरूरत है। योजना का उद्देश्य पारंपरिक दवाओं और फाइटोफार्मास्यूटिकल्स और चिकित्सा उपकरणों में अनुसंधान एवं विकास को प्रोत्साहित करना है। योजना से जुड़ी राष्ट्रीय नीति में तीन प्रमुख क्षेत्रों पर स्वदेशी रूप से विकसित अत्याधुनिक उत्पादों और प्रौद्योगिकियों के माध्यम से अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा देने की आवश्यकता को स्वीकार किया गया है।

# वहीदा रहमान को मिलेगा प्रतिष्ठित दादा साहेब फाल्के पुरस्कार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिग्गज** अभिनेत्री वहीदा रहमान को वर्ष 2022 के दादा साहब फाल्के पुरस्कार के लिए चुना गया है। भारतीय सिनेमा में उनके योगदान की सराहना करते हुए केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने एक एक्स पोस्ट में उन्हें सिनेमा जगत के सबसे प्रतिष्ठित दादा साहब फाल्के लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार दिए जाने की घोषणा की। उन्हें बधाई देते हुए और उनके काम के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वे भारतीय सिनेमा की अग्रणी महिलाओं में से एक हैं। उन्हें इस लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया जाना उनके लिए एक "ट्रिब्यूट" सरीखा है। उन्हें यह सम्मान ऐसे समय में दिया जा रहा है जब ऐतिहासिक नारी शक्ति वंदन अधिनियम संसद द्वारा पारित किया गया है। उन्होंने फिल्मों के बाद अपना जीवन परोपकार और समाज की भलाई को समर्पित कर दिया है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा, वहीदा रहमान ने एक भारतीय नारी के समर्पण, प्रतिबद्धता और ताकत का उदाहरण दिया है, जो अपनी कड़ी मेहनत से पेशेवर उत्कृष्टता के उच्चतम स्तर को हासिल कर सकती है। उल्लेखनीय है कि वहीदा रहमान को हिंदी फिल्मों में उनकी भूमिकाओं के लिए समीक्षकों द्वारा सराहा गया है। उनकी प्रमुख फिल्में हैं : प्यासा, कागज के फूल, चौदहवीं का चांद, साहेब बीवी और गुलाम, गाइड, खामोशी। अपने 5 दशकों से अधिक के करियर में उन्होंने अपनी भूमिकाओं को बेहद खूबसूरती से निभाया है।



**सम्मान**

8 सिनेमा जगत के सबसे प्रतिष्ठित दादा साहब फाल्के लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार दिए जाने की घोषणा की

### ज्ञानवापीः नियमित पूजा की मांग पर सुनवाई दो हफ्ते के लिए टली

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**सुप्रीम** कोर्ट ने ज्ञानवापी परिसर में स्थित मां श्रृंगार गौरी की नियमित पूजा की मांग पर सुनवाई दो हफ्ते के लिए टाल दी है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने ये आदेश दिया। अंजुमन इंतजामियां कमेटी की तरफ से वकील हुजैफा अहमद ने कोर्ट से कहा कि सुप्रीम कोर्ट में इससे जुड़े दो और मामले लंबित हैं। ऐसे में तीनों मामलों की एक साथ सुनवाई की जाए।

## जम्मू-कश्मीरः एक आतंकी, 8 अंडर-ग्राउंड वर्कर गिरफ्तार

**हथियार बरामद**

8 ऑपरेशन में पुलिस ने तीन आतंकी सहयोगियों को अरेस्ट किया। ये सभी आतंकी लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े हैं

**टीम एक्शन इंडिया/श्रीनगर**

**जम्मू-कश्मीर के** बारामूला जिले में सुरक्षा बलों ने दो आतंकी मॉड्यूलों का पर्दाफाश किया। जिसमें एक ऑपरेशन में उन्होंने एक आतंकवादी और उसके 5 सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। इनमें दो महिलाएं हैं। वहीं दूसरे ऑपरेशन में पुलिस ने तीन आतंकी सहयोगियों को अरेस्ट किया। ये सभी आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े हैं। पुलिस ने इनके पास से आपत्तिजनक सामग्री, हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किया। जांच में पता चला है कि आतंकी और उसके साथियों को पाकिस्तान में बैठे आतंकी सरगना निर्देश दे रहे थे। ये सभी सीमा पार से हथियारों और गोला-बारूद की तस्करी करते थे। बारामूला में पुलिस को विश्वसनीय सूत्रों के माध्यम से पता चला कि एक व्यक्ति यासीन अहमद शाह बारामूला में अपने घर से लापता है।

**मसले का हल** हिन्द प्रशांत क्षेत्र (इंडो-पैसिफिक) में भारत शांति के साथ हर मसले का हल चाहता हैः मनोज पांडेय

# 'प्रशांत क्षेत्र में कुछ चुनौतियां, हम शांति से समाधान के पक्ष में'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**हिन्द प्रशांत** क्षेत्र (इंडो-पैसिफिक) में भारत शांति के साथ हर मसले का हल चाहता है। हम बल प्रयोग से बचने और अंतरराष्ट्रीय कानूनों के पालन पर जोर देते हैं। हम सभी देशों की संप्रुभता और अखंडता को बनाए रखना चाहते हैं। दिल्ली में 13वें इंडो-पैसिफिक आर्मी चीफ्स कॉन्फ्रेंस में भारत के थल सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडेय ने मंगलवार को ये बाते कहीं। सेना और नेवी की यह दुनिया की सबसे बड़ी कांफ्रेंस है। मानेकशॉ सेंटर में 25 सितंबर से शुरू हुए इस कॉन्फ्रेंस में अमेरिका और कनाडा समेत 22 देशों के आर्मी चीफ 27 सितंबर तक रहेंगे। इंडो-पैसिफिक रिजन में चीन हमेशा से एकतरफा अधिकार जमाता रहा है। जनरल पांडेय ने चीन का नाम लिए बिना कहा- हम किसी भी तरह के विवाद का शंतिपूर्ण हल चाहते हैं। इसके लिए सभी देशों के बीच बातचीत होनी चाहिए। लड़ाई से इसका समाधान नहीं हो सकता। रिका के आर्मी चीफ जनरल रैंडी जॉर्ज ने कहा- दुनिया में युद्ध का तरीका बदल रहा है। कॉन्फ्रेंस में शामिल देशों के बीच सैन्य समेत हर स्तर पर सहयोग मजबूत करना होगा। एक-दूसरे के साथ विश्वास बढ़ाना होगा। हमारी एकता-प्रतिबद्धता से संबंध और गहरे होते चले जाएंगे।



**चर्चा**

8 दुनिया में युद्ध का तरीका बदल रहा है। देशों के बीच सैन्य समेत हर स्तर पर सहयोग मजबूत करना होगा

**नेबरहुड फर्स्ट हमारी संस्कृतिः** इस सम्मेलन में मंगलवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी हिस्सा लिया। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, 'नेबरहुड फर्स्ट', प्राचीन काल से ही हमारी संस्कृति की आधारशिला रही है। भारत का दृष्टिकोण इस क्षेत्र को इसकी 'एक्ट ईस्ट पॉलिसी' द्वारा परिभाषित किया गया है।

मित्र देशों के साथ मजबूत सैन्य साझेदारी बनाने की दिशा में भारत के प्रयास न केवल हमारे अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा करने बल्कि हम सभी के सामने आने वाली महत्वपूर्ण वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

# 'पंजाब ने एसवाईएल निर्माण पर भ्रमित किया'

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में हुई 31वीं उत्तरी क्षेत्रीय परिषद की बैठक में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने मजबूती से रखे हरियाणा के मुद्दे, रावी, सतलुज और ब्यास का बिना चैनल वाला पानी पाक में जाने से होने वाले राष्ट्रीय अपव्यय के सदुपयोग हेतु एस.वाई.एल. जरूरी

**बैठक में चर्चा**

8 साझा प्रगति के लिए विकास परियोजनाओं के सफल और निष्पादन के लिए राज्यों के बीच सहयोग का माहौल स्थापित करना अहम




**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/दीपिका शर्मा**

**केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में** आज पंजाब के अमृतसर में उत्तर क्षेत्रीय परिषद की 31वीं बैठक हुई। बैठक में हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने पंजाब क्षेत्र में सतलुज-यमुना लिंक नहर (एस.वाई.एल.) नहर का निर्माण कार्य पूर्ण करने, पंजाब विश्वविद्यालय से हरियाणा के कॉलेजों को संबद्ध करने सहित कई महत्वपूर्ण मुद्दों को मजबूती से रखा। बैठक में पंजाब के राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित, जम्मू एवं कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू सहित उत्तर भारतीय राज्यों के प्रतिनिधि शामिल हुए।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि राज्यों की साझा प्रगति के लिए विकास परियोजनाओं के सफल और त्वरित निष्पादन के लिए राज्यों के बीच सहयोग का माहौल स्थापित करना अति महत्वपूर्ण है। और आज की यह बैठक राज्यों के बीच विभिन्न मुद्दों को समयबद्ध ढंग से सुलझाने में सहायक सिद्ध होगी। अपने संसाधनों को एकत्रित करके, ज्ञान साझा करे और सर्वोत्तम पद्धतियों को अपनाकर हम हमारी परियोजनाओं को कुशलतापूर्वक और प्रभावी ढंग से निष्पादित करना सुनिश्चित कर सकते हैं, जिससे हमारे क्षेत्र और पूरे देश का समग्र विकास हो सके।

**पंजाब क्षेत्र में एस.वाई.एल. नहर का निर्माण कार्य होना चाहिए पूरा:** मनोहर लाल ने कहा कि एस.वाई.एल. का निर्माण न करने के बारे पंजाब का कहना है कि पानी की उपलब्धता कम हो गई है। लेकिन एस.वाई.एल. का निर्माण और पानी की उपलब्धता दो अलग-अलग मुद्दे हैं और एक-दूसरे से जुड़े हुए नहीं हैं। इसलिए इस मामले में भ्रमित नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि रावी, सतलुज और ब्यास के पानी का अधिशेष, बिना चैनल वाला पानी पाकिस्तान में चला जाता है। (पिछले 10 वर्षों में सतलुज के पानी का औसतन 1.68 एम.ए.एफ. और रावी-ब्यास के पानी का 0.58 एम.ए.एफ. पाकिस्तान की तरफ गया है)। इस राष्ट्रीय अपव्यय के सदुपयोग लिए एस.वाई.एल. जरूरी है। उन्होंने कहा कि भाखड़ा बांध/नंगल बांध से हरियाणा के लिए केवल एक कैरियर चैनल यानी 61 कि.मी. लंबा नंगल हाइडल चैनल (एन.एच.सी.) है। इसका निर्माण 1954 के दौरान किया गया था, जो वर्तमान में 68 वर्ष पुराना हो गया है। यदि एन.एच.सी. के पुराना होने की स्थिति में कोई दुर्घटना होती है, तो पूरी प्रणाली रुक जाएगी और हरियाणा को पानी की आपूर्ति नहीं हो पाएगी। ऐसे समय में एस.वाई.एल. वैकल्पिक चैनल का काम भी करेगी। इसलिए एस.वाई.एल. का निर्माण जल्द से जल्द किया जाए।

## परिवार पहचान पत्र बनाकर जनसांख्यिकीय डेटा एकत्र करने की दिशा में हरियाणा ने की उल्लेखनीय पहल

**बैठक** में 2001 और 2011 की जनगणना के मध्य डेटा देरी से जारी होने के मुद्दों पर बोलते हुए मनोहर लाल ने कहा कि इस दिशा में हरियाणा ने एक उल्लेखनीय पहल की है, जिसकी बदौलत जनसांख्यिकीय डेटा एकत्र करने और उपयोग करने के तरीके को बदल दिया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने परिवार पहचान पत्र नामक एक प्रगतिशील योजना शुरू की है। केवल आवधिक जनगणना डेटा पर निर्भर रहने के विपरीत, परिवार पहचान पत्र हमें वास्तविक समय में अद्यतन जनसांख्यिकीय डेटा प्रदान करता है। इस योजना के माध्यम से, हमने एक व्यापक डेटाबेस तैयार किया है, जिसमें राज्य के प्रत्येक परिवार का डाटा है। इस डेटाबेस में व्यक्तियों और परिवारों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी

**उपलब्धि**

8 इस योजना के माध्यम से, हमने एक व्यापक डेटाबेस तैयार किया है, जिसमें राज्य के प्रत्येक परिवार का डाटा है

शामिल है। यह हमारी सरकार के लिए योजना बनाने और नीति कार्यान्वयन के लिए एक मूल्यवान संसाधन है। उन्होंने कहा कि परिवार पहचान पत्र योजना इस बात का एक ज्वलंत उदाहरण है कि कैसे प्रौद्योगिकी और नवोन्मेषी शासन डेटा संग्रह और उसके व्यावहारिक अनुप्रयोग के बीच के अंतर को पाट सकता है। इसने जरूरतमंद लोगों को लक्षित सहायता प्रदान करने और हमारे राज्य के विकास एजेंडे को आगे बढ़ाने की हमारी क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि की है। उन्होंने सहभागी राज्यों से आग्रह करते हुए कहा कि वे भी पीपीपी जैसे नवीन समाधानत तलाशें जिससे हम सभी नागरिकों के कल्याण और समृद्धि को सुनिश्चित करते हुए हमारे शासन को मजबूत कर सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार ने स्वास्थ्य देखभाल के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। 21 नवंबर 2022 को हमने चिरायु योजना के माध्यम से अंत्योदय परिवारों तक आयुष्मान भारत का विस्तार के शुभारंभ के साथ नागरिकों के लिए व्यापक स्वास्थ्य देखभाल कवरेज सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया।

# कोऑपरेटिव बैंक: विज ने एसपी को सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए

**निर्देश**

8 विज ने अंबाला में अपने आवास पर विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याओं को सुना



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**हरियाणा के गृह** एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने अंबाला के बलदेव नगर में दि-अम्बाला सेंट्रल कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड में गत दिनों लॉकर तोड़ चोरी के मामले में अम्बाला के एसपी से बातचीत की और सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अंबाला में अपने आवास पर विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याओं को सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को कार्रवाई करने के लिए दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर प्रभावित लोगों ने गृह मंत्री अनिल विज से मुलाकात की। लोगों ने शिकायत देते हुए बैंक प्रबंधन पर लापरवाही के आरोप लगाए और कहा कि बैंक प्रबंधन की लापरवाही के कारण चोरी के समय न तो मौके पर सायरन बजा, न ही वहां सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध थे।

वहीं, गांव पंजोखरा साहिब निवासी कई लोगों ने गृह मंत्री अनिल विज से मुलाकात करते हुए गांव की बेटी की ससुराल पक्ष द्वारा हत्या करने का आरोप लगाए। मृतका के पिता ने गृह मंत्री को बताया कि उनकी बेटी की शादी पेहवा में गुरू नानक कालोनी में की गई थी। मगर, ससुराल पक्ष द्वारा उनकी बेटी से दहेज की मांग करते थे तथा मार-पिटाई करते थे। उनका आरोप था कि बीती 24 सितम्बर को उनकी बेटी की जहर देकर ससुराल पक्ष द्वारा हत्या की गई। उन्होंने बताया पुलिस द्वारा अब तक आरोपियों को पकड़ा नहीं गया है। गृह मंत्री अनिल विज ने एसपी कुरुक्षेत्र से बात कर संबंधित थाना प्रभारी द्वारा मामले में अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं करने पर नाराजगी जताई तथा त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए।

**केबल ऑपरेटरों द्वारा ब्लैकमेल करने के आरोप लगाए:** गृह मंत्री अनिल विज को अम्बाला जिला से कई केबल आपरेटरों ने अपनी शिकायत देते हुए आरोप लगाया कि एक व्यक्ति बीते कुछ समय से लगातार ब्लैकमेल कर रहा है। उनके खिलाफ व्यक्ति द्वारा अलग-अलग विभागों में शिकायतें की जाती है और उसकी एवज में पैसों की मांग की जाती है। ब्लैकमेल करने में और लोगों की संलिप्तता की आशंका भी केबल आपरेटरों ने जताई। गृह मंत्री अनिल विज ने इस मामले में कैंट थाने के एसएचओ को मामला दर्ज करने के निर्देश दिए।

## 'कच्चे कर्मियों को नियमित करने की पॉलिसी बनाए सरकार'

**टीम एक्शन इंडिया/यमुनानगर**

नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर मंगलवार को नगर निगम कार्यालय गेट पर नगर निगम व फायर ब्रिगेड कर्मचारियों ने दूसरे दिन भी कार्मिक भूख हड़ताल जारी रखी। मौके पर उपस्थित नगरपालिका संघ हरियाणा राज्य महासचिव मांगेराम तिगरा ने बताया कि प्रदेश में सरकार को सत्ता में कई साल हो गए, लेकिन इस सरकार में वर्षों से लगे कच्चे कर्मचारियों की नियमित करने की पॉलिसी नही बनी। वहीं उन्होंने मांग करते हुए कहा कि सरकार ठेका प्रथा समाप्त करने, अनुबंध सीवर एवं सफाई कर्मचारियों को नियमित भर्ती के माध्यम से नई नियमित नियुक्ति देने की मांग की है।

# रोहतक में मेगा फूड पार्क में भूखंडों की बिक्री शुरू

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**हैफेड** और एचएसआईआईडीसी ने रोहतक में मेगा फूड पार्क में भूखंडों की बिक्री शुरू कर दी है। प्रथम आवंटी को हैफेड के प्रबंध निदेशक डॉ. जे. गणेशन द्वारा पंचकूला में स्थित हैफेड कॉर्पोरेट कार्यालय में आवंटन पत्र जारी किया गया। ज्ञात रहे कि हैफेड ने मेगा फूड पार्क, रोहतक की स्थापना की है, जो 50 एकड़ में फैला हुआ है, इसमें 450 से 4050 वर्ग मीटर तक के 80 भूखंड हैं। इस अवसर पर डॉ. गणेशन ने बताया कि रोहतक का मेगा फूड पार्क एनएच-10 पर

**आवंटन**

8 निदेशक डॉ. जे. गणेशन द्वारा पंचकूला में स्थित हैफेड कॉर्पोरेट कार्यालय में आवंटन पत्र जारी किया

आईएमटी रोहतक में स्थित है, जो दिल्ली को रोहतक से जोड़ता है। उन्होंने बताया कि इस फूड पार्क में निवेशक पशु चारा उद्योग, फल और सब्जी प्रसंस्करण, डेयरी और दूध प्रसंस्करण, अनाज और अनाज प्रसंस्करण, मांस और पोल्ट्री प्रसंस्करण, मसाला प्रसंस्करण, पेय उत्पादन, खाद्य तेल निष्कर्षण और शोधन, बेकरी, स्नैक फूड निर्माण, रेडी-टू-ईट (आरटीई) और रेडी-टू-कुक (आरटीसी) फूड्स, कैनिंग और प्रिजर्विंग, फूड इंग्रीडिएंट मैन्युफैक्चरिंग आदि से संबंधित व्यापक इकाइयां मेगा फूड पार्क में स्थापित कर सकते हैं।

एमडी ने यह भी साझा किया कि निवेशकों के लिए मेगा फूड पार्क में निवेश करने का सबसे महत्वपूर्ण लाभ यह है कि उन्हें अपनी इकाइयों के लिए सामान्य सुविधाएं बनाने में निवेश करने की आवश्यकता नहीं है। वे बहुउद्देश्यीय कोल्ड स्टोरेज 5000 मीट्रिक टन क्षमता, व्यक्तिगत त्वरित फ्रीजिंग (आईक्यूएफ) यूनिट 1.5 मीट्रिक टन/घंटा, डीप फ्रीजर-1500 मीट्रिक टन, दो साइलोज - 2500 मीट्रिक टन और वेयरहाउस, खाद्य और गुणवत्ता परीक्षण प्रयोगशाला जैसी सामान्य बुनियादी सुविधाओं का उपयोग कर सकते हैं। ये सभी सुविधाएं निवेशकों को मामूली किराये के आधार पर उपलब्ध होंगी। इसके अलावा, प्लग-एंड-प्ले सुविधा के रूप में विशेष रूप से एमएसएमई के लिए मेगा फूड पार्क में प्रत्येक 236.20 वर्ग मीटर की 24 मानक डिजाइन इकाइयों का निर्माण भी किया गया है।

## 'महंगाई बढ़ी, बचत कम, तो खर्चा हुआ ज्यादा'

**टीम एक्शन इंडिया/झज्जर**

सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने मंगलवार को जिले में अनेक कार्यक्रमों में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि आम लोग बढ़ती महंगाई से बुरी तरह परेशान हैं। महंगाई बढ़ने के कारण लोगों का खर्च बढ़ गया है और इसके चलते परिवारों की बचत लगभग खत्म ही हो गई है। दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि इसके लिए सीधे तौर पर बीजेपी सरकार की गलत आर्थिक नीतियां जिम्मेदार हैं। घरेलू बचत मौजूदा वित्तवर्ष में पिछले पांच दशक के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गई है। भारतीय स्टेट बैंक की एक रिपोर्ट की मानें तो पिछले वित्त वर्ष में परिवारों की शुद्ध वित्तीय बचत में करीब 55% की गिरावट आई है। यह गिरावट निम्नवर्ग, मध्यम वर्ग के साथ ही पूरी अर्थव्यवस्था के लिए बेहद चिंता की बात है। इस दौरान विधायक राजेन्द्र जून भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि आम लोगों के लिए घर चलाना बेहद मुश्किल हो गया है। खाने-पीने के सामान, बिजली के बढ़ते बिल और स्कूल की बढ़ती फीस रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है। जो सरकार आम लोगों के खाने की दो वक्त की रोटी भी महंगी कर दे उस सरकार को सत्ता में एक पल भी रहने का हक नहीं है। हुड्डा ने कहा कि हरियाणा प्रदेश की गठबंधन सरकार से दुखी हरियाणा की जनता सरकार के बाकी बचे दिन गिन रही है।

## परिवादों को प्रशासनिक स्तर पर ही निपटाने के प्रयास करें अधिकारी : अनूप धानक

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/काजल रानी**

हरियाणा के श्रम एवं रोजगार राज्यमंत्री अनूप धानक ने रेवाड़ी जिला प्रशासन के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे आमजन के परिवादों का पहले प्रशासनिक स्तर पर ही निपटाने के लिए प्रयास करें। उन्होंने निर्देश दिए कि जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की बैठक में ऐसे परिवादों को शामिल न किया जाए जिनका निपटारा प्रशासनिक स्तर पर हो सकता हो ताकि लोगों को बेवजह परेशान न होना पड़े। श्रम एवं रोजगार राज्यमंत्री आज रेवाड़ी में आयोजित जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की बैठक में परिवादियों से सीधा संवाद करते हुए उनकी शिकायतें सुन रहे थे।

उन्होंने इस अवसर पर श्रम विभाग सहित अन्य विभागों से संबंधित शिकायतें सुनते हुए कहा कि अधिकारी आमजन की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करवाएं। साथ ही जनसेवा से जुड़े कार्यों में पूरी सजगता बरतते हुए अपने दायित्व का निर्वहन प्रभावी ढंग से करें। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को चाहिए कि वे सरकार द्वारा लागू योजनाओं का क्रियान्वयन बेहतर ढंग से सुनिश्चित करें ताकि उनका लाभ अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंच सके। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से न सिर्फ प्रदेश की जनता की शिकायतों और समस्याओं की सुनवाई की जा रही है, बल्कि उनका प्राथमिकता के आधार पर तेजी से निस्तारण भी सुनिश्चित किया जा रहा है।

श्रम एवं रोजगार राज्यमंत्री अनूप धानक ने परिवेदना समिति की बैठक में रखे गए कुल 15 परिवाद में से 13 परिवादों का मौके पर ही निपटान करते हुए शेष 2 परिवादों का समाधान अगली बैठक तक सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# 'चीनी मिलों में एथेनॉल प्लांट लगाने की महत्वाकांक्षी योजना'

424 लाख क्विंटल गन्ने की पिराई तथा 10 प्रतिशत रिकवरी रेट का लक्ष्य



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा के सहकारिता मंत्री डा. बनवारी लाल ने कहा कि मिल में गन्ना लाने वाले किसानों की सुविधा के लिए मोबाईल पर ऑनलाईन संदेश भेजने की व्यवस्था की गई है ताकि किसानों को किसी प्रकार की दिक्कत एवं देरी का सामना न करना पड़े।

सहकारिता मंत्री आज यहां किसान एवं संगठनों के प्रतिनिधियों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य की सभी सहकारी चीनी मिलों में नवम्बर माह के पहले सप्ताह से गन्ने की पिराई का कार्य आरम्भ किया जाएगा। इस वर्ष 424 लाख क्विंटल गन्ने की पिराई तथा 10 प्रतिशत रिकवरी रेट का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि किसानों के लिए केवल 10 रुपए में सस्ती दर पर पौष्टिक एवं गुणवत्ता युक्त आहार मुहैया करवाने की भी व्यवस्था की गई है। समय पर गन्ने की पेमेंट का भुगतान और बेहतरीन व्यवस्था से किसानों में खुशी हैं।

सहकारिता मंत्री ने कहा कि सरकार द्वारा चीनी मिलों की क्षमता और उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। राज्य की सभी सहकारी चीनी मिलों का कलस्टर बनाकर एथनॉल प्लांट लगाए जाने की महत्वाकांक्षी योजना क्रियान्वित की जा रही है ताकि चीनी मिलों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा सके। शाहाबाद की चीनी मिल में एथनोल प्लांट ने कार्य करना आरम्भ कर दिया है तथा पानीपत में भी जल्द ही एथनोल प्लांट लगाया जाएगा। सहकारिता मंत्री ने कहा कि चीनी मिलों में रिफाइंड चीनी, बकेटस, कम्पेक्ट बायोगैस आदि बनाने का कार्य किया जा रहा है। इसके साथ ही प्रेस मड, शक्कर आदि बनाने की भी संभावनाएं तलाशी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि राज्य की पैक्स को बहुउद्देशीय बनाने के लिए इनमें जन औषधि केंद्र खोलने तथा हैफेड, शुगरफेड एवं डेयरी के उत्पाद उपलब्ध करवाने का भी कार्य किया जा रहा है ताकि लोगों को सस्ते एवं उचित दर पर अच्छे उत्पाद मिल सकें। इस तरह के उत्पाद बनाने से शुगर मिलों की आय बढ़ेगी और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सुलभ होंगे। डा. बनवारी लाल ने इस मौके पर लोगों की समस्याएं भी सुनी और उनका समाधान करने का आश्वासन दिया।

## नगर निगम क्षेत्र में जोन अनुसार इंफोर्समेंट कमेटी होगी गठित

**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम**

**नगर** निगम गुरुग्राम के आयुक्त पीसी मीणा की अध्यक्षता में मंगलवार को प्लास्टिक कचरा प्रबंधन नियमों के प्रभावी कार्यान्वयन व सिंगल यूज प्लास्टिक उन्मूलन के लिए गठित शहरी स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि नगर निगम गुरुग्राम क्षेत्र में जोनवाईज इनफोर्समेंट कमेटियों का गठन किया जाएगा, जिसमें नगर निगम, पुलिस व प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों सहित जनप्रतिनिधियों को भी शामिल किया जाएगा। प्लास्टिक के उन्मूलन के लिए एक प्रभावी अभियान चलाएंगी। जो व्यक्ति नियमों की उल्लंघना करता है।

# बीजेपी में मैं अकेला किसान आंदोलन में किसानों के साथ खड़ा रहा: वीरेन्द्र

**टीम एक्शन इंडिया/झज्जर**

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता वीरेंद्र सिंह के बेबाक बोल एक बार फिर से सामने आए हैं। चौधरी वीरेंद्र सिंह का कहना है कि बीजेपी में मैं अकेला था, जो किसान आंदोलन में किसानों के साथ खड़ा रहा। मैं अपनी सोच पर चलता हूं। वे मंगलवार को बहादुरगढ़ में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। वह यहां अपने कार्यकर्ताओं को 2 अक्टूबर को जींद में होने वाली रैली का न्योता देने आए थे। उन्होंने बताया कि वह मेरी आवाज सुनो नाम से रैली कर रहे हैं। वीरेंद्र सिंह का कहना है की व्यवस्था में नुक्स है

**रैली की तैयारी**

8 'मेरा लक्ष्य इस रैली से कोई नई चीज आए, उसका असर सभी दलों पर पड़े, मैं अपनी सोच पर चलता हूं'

और उसे सुधारने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य इस रैली में कोई नई चीज सामने लाने का है। जिसका असर सभी पार्टियों पर पड़े। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि सारा खेल भीड़ का है। अगर रैली में भीड़ हुई तो राजनीतिक पार्टियां कहेंगी कि वीरेंद्र सिंह से बात करो, हो सके हमारे साथ आ जाए। प्रदेश की राजनीति में नई सोच पैदा करने के लिए यह कार्यक्रम किया जा रहा है। हम न तो किसी का विरोध कर रहे हैं और न ही किसी की जय जयकार। जींद का कार्यक्रम राजनीति से ऊपर का कार्यक्रम है। आजादी के बाद सामाजिक आर्थिक समस्याओं का पूरा समाधान नहीं हुआ, सबने प्रयास किया लेकिन समाधान पूरा नहीं हुआ है। कैथल में चौधरी देवीलाल के जन्मदिवस पर आयोजित इनेलो की रैली में शामिल होने के सवाल का भी वीरेंद्र सिंह ने जवाब दिया।

# अधिवक्ता के हर वाक्य से आमजन में पैदा होता है विश्वास: ओमप्रकाश

गुरुग्राम जिला अदालत परिसर में भाजपा विधि प्रकोष्ठ सम्मेलन में कही यह बात



**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम**

**भारतीय** जनता पार्टी हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने कहा कि अधिवक्ता देश की दशा व दिशा को आमजन तक सही रूप से पहुंचाने का काम करता है। अधिवक्ता एक ओपिनियन मेकर है, जिसके हर वाक्य पर आमजन में विश्वास पैदा होता है। विधि प्रकोष्ठ राजनीतिक दल का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, इसलिए इसके कार्यकर्ता आगामी चुनाव 2024 में पार्टी के लिए सक्रीय भूमिका का निर्वहन करने में जुट जाएं। यह बात उन्होंने मंगलवार को यहां जिला अदालत परिसर में भाजपा विधि प्रकोष्ठ के सम्मेलन में कही।

इस मौके पर अधिवक्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष का जोरदार स्वागत किया, वहीं जिला बार एसोसिएशन की पूर्व महासचिव सुमन दहिया ने महिला अधिवक्ताओं की तरफ से प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया। नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 के पास होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया। भाजपा जिला विधि प्रकोष्ठ की तरफ से फ्री लीगल सैल कैंप भी लगाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अधिवक्ता नरेंद्र गुर्जर ने की। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि आम जनता वकीलों के पास आती है, ऐसे में सभी

**न्याय**

8 लोक अदालतें कारगर सिद्ध हो रही हैं और लोगों को आम सहमति से न्याय मिल रहा है

अधिवक्ताओं की जिम्मेदारी बन जाती है कि वे सरल भाषा में लोगों को कानूनी जानकारी दें। उन्होंने अधिवक्ताओं से अपना दायरा बढ़ाने का आह्वान करते हुए कहा कि खाली समय में भलाई के ज्यादा से ज्यादा काम करें।

जिलों में लगाई जा रही लोक अदालतों पर बोलते हुए धनखड़ ने कहा कि लोक अदालतें कारगर सिद्ध हो रही हैं और लोगों को आम सहमति से न्याय मिल रहा है। धनखड़ ने कहा कि अधिवक्ताओं को ज्यादा से ज्यादा रिसर्च करनी चाहिए और ऐसे कानूनों के बारे में जानकारी दें जो वर्तमान समय में निरर्थक साबित हो रहे हैं और उन्हें बदला जाने की आवश्यकता है। प्रदेश अध्यक्ष ने केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने की बात भी सम्मेलन में कही। उन्होंने कहा कि चुनावी समय को देखते हुए सभी सदस्यों को अपने-अपने क्षेत्र में सक्रिय होकर कार्य करने की आवश्यकता है।-

# जे जे एक्ट और पॉक्सो एक्ट की जानकारी देकर बच्चों को सुरक्षित करना ही इन कैम्पों का उद्देश्य : डीसी

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** महिला एवं बाल विकास विभाग के निदेशक के आदेशानुसार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम सुकीर्ति गोयल के कुशल मार्गदर्शन में फरीदाबाद जिले के राजकीय विद्यालयों में 33 कैम्पों का आयोजन किया गया। जिसमें जिले भर से लगभग 20 हजार बच्चों को जे जे एक्ट व पॉक्सो एक्ट की जानकारी दी गई। महिला एवं बाल विकास विभाग तथा हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद शाखा फरीदाबाद के कोर्डिनेशन से उपायुक्त विक्रम सिंह एवं सीजेएम श्रीमती सुकीर्ति फरीदाबाद के निर्देशन में आज राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय,



सेक्टर-22, फरीदाबाद एवं राजकीय प्राइमरी विद्यालय सेक्टर-22 में लिटरेसी अवेयरनेस कार्यक्रम के अंतर्गत कैम्पों का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 650 बच्चों को जेजे एक्ट व पॉक्सो एक्ट के बारे में गठित टीम द्वारा जानकारी दी गईं। कार्यक्रम अधिकारी अनिल दहिया ने बच्चों को जेजे एक्ट व पॉक्सो एक्ट की कानूनी बारीकियों से अवगत करवाते हुए बताया कि जेजे एक्ट व पास्को एक्ट किस प्रकार बच्चों की सुरक्षा व अधिकारों को सुरक्षित रखता है विस्तार से जानकारी दी। जिला बाल संरक्षण यूनिट से अपर्णा परामर्श दात्री ने पोस्को एक्ट, जेजे एक्ट पर प्रकाश डालते हुए, गुड टच - बेड टच की जानकारी दी तथा चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के बारे में बताया कि यह टोल फ्री नम्बर है और 24७7 दिन रात बच्चों की सुरक्षा व उनके अधिकारों के लिए कार्य करता है बच्चे मुसीबत के समय चाइल्ड हेल्पलाइन पर कॉल करके सहायता प्राप्त कर सकते हैं। जिला बाल कल्याण अधिकारी एस.एल.खत्री ने बच्चों के सम्मुख अपने विचार रखें और सबसे पहले बच्चों से पूछा कि "बच्चा" किसे कहते हैं। फिर विस्तार से बताया कि जिसकी आयु 0 से 18 वर्ष के बीच है वह "बच्चा" होता है। बच्चे दो प्रकार के होते हैं एक वह जिसके साथ अपराध हुआ है और दूसरा वह जिसने अपराध किया है। जिसके साथ अपराध हुआ है उसके लिए बाल कल्याण समिति और जिसने अपराध किया उसके लिए किशोर न्याय बोर्ड बच्चों की सुरक्षा व अधिकारों के लिये जे जे एक्ट व पॉक्सो एक्ट के तहत कार्य करते हैं। जिले के सभी बच्चों को जे एक्ट और पॉक्सो एक्ट की जानकारी देकर सुरक्षित करना ही इन कैम्पों का उद्देश्य है। क्योकि बच्चे परिवार के साथ साथ देश की अमूल्य निधि है तथा उदाहरण देकर बच्चों को उनके अधिकारों के बारे में जागृत करते हुए बताया कि, की किसी अनजान व्यक्ति के किसी भी प्रकार के प्रलोभन में न आये, ऐसी घटनाओं की जानकारी अपने माता-पिता, अध्यापक व चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 व 112 पर दे और सुरक्षित रहे।

# स्लम क्षेत्र के बच्चों के पुनर्वास के लिए 03 से 10 अक्टूबर तक होगा कैंपों का आयोजनः डीसी

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा आगामी 03 से 10 अक्टूबर तक प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक बेसहारा एवं झुग्गी झोपड़ियों व स्लम क्षेत्र में रहने वाले बच्चों के पुनर्वास के लिए कैम्पों का आयोजन किया जाएगा। डीसी विक्रम सिंह ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि इन कैम्पों का आयोजन 03 अक्टूबर को गवर्नमेंट बॉयज स्कूल, ओल्ड फरीदाबाद में, 04 अक्टूबर को एनआईटी फरीदाबाद, कपड़ा कॉलोनी स्थित गोवेर्मेंट प्राइमरी स्कूल में तथा 06 अक्टूबर को हरकेश/धीरज नगर स्थित सिद्धि विनायक कान्वेंट स्कूल में, 09 अक्टूबर को गोवेर्मेंट प्राइमरी स्कूल, राजीव नगर, नियर



एनएचपीसी बायपास रोड फरीदाबाद, और 10 अक्टूबर को एकता नगर, नियर बुढ़िया नाला फरीदाबाद स्थित गोवेर्मेंट प्राइमरी स्कूल में किया जाएगा।
उन्होंने आगे बताया कि इन कैम्पों में गरीब परिवारों और दिव्यांगजन बच्चों के लिए पुनर्वास की व्यवस्था प्रशासन द्वारा की जाएगी। जिला फरीदाबाद में लगभग 1400 ऐसे बच्चों को चिन्हित कर लिया गया है। ऐसे बच्चों के क्षेत्र में विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। उक्त आयोजित कैम्पों में इन बच्चों के जरूरी कागजात कैसे जन्म प्रमाण पत्र, परिवार पहचान पत्र, दिव्यांगजन सर्टिफिकेट, आधार कार्ड मौके पर ही बनाए जाएँगे। कैम्पों में विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाए जाएँगे जहाँ इन बच्चों का निःशुल्क जांच व उपचार किया जाएगा। कैंप डीएसडब्ल्यूओ और डीसीपीओ के द्वारा आयोजित करवाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि यह बच्चे शिक्षा से वंचित न हो इसलिए इन बच्चों को चिन्हित कर नजदीकी सरकारी स्कूलों में इनका दाखिला भी कराया जाएगा तथा प्रशासन द्वारा बाल श्रम की भी जांच की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### टास्क या इन्वेस्टमेंट फ्रॉड से बचाव के लिए फरीदाबाद पुलिस की साइबर एडवाइजरी

**पार्ट टाइम जॉब में पैसे कमाने के नाम पर यदि आपसे कोई इन्वेस्टमेंट करने की बात कहे तो सावधान हो जाएं क्योंकि वास्तविक कंपनी कभी इस प्रकार पैसों की नहीं करती मांग- फरीदाबाद साइबर पुलिस**

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )** पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य के निदेर्शानुसार फरीदाबाद पुलिस की तरफ से टास्क या इन्वेस्टमेंट के नाम पर होने वाली साइबर ठगी के बारे में नागरिकों को जागरूक करने के लिए साइबर एडवाइजरी जारी की गई है जिसमें इस प्रकार की साइबर ठगी से बचने के उपाय के बारे में जानकारी प्रदान की जा रही है। साइबर फ्रॉड की प्रक्रिया के बारे में बताया जा रहा है कि साइबर अपराधी किस प्रकार आपको साइबर ठगी का शिकार बनाते हैं। सबसे पहले आपके वाट्सएप पर विदेशी या स्वदेशी नम्बरों से मैसेज आता है जोकि आपको पार्ट टाइम जॉब देने के नाम पर होता है। उसमे आपको कुछ बडे बडे यूट्यूब चैनल दिये जाते है जिन्हे आपको सब्सक्राइब करके उसका स्क्रीन शाट उन्हे भेजना होता है जिसके बदले मे वो आपको एक सब्सक्राइब करने का 50 रुपये देते हैं। आपको शुरूआत मे लगभग 3 सब्सक्राइब का टास्क दिया जाता है और जब आप उन्हे टास्क पूरा करके व्हाट्सएप पर स्क्रीनशॉट भेज देते हैं तो ये आपको बोलते हैं कि यदि आपको पैमेंट लेना है तो वो आपको एक टेलीग्राम की आईडी देते है और बोलते हैं कि इस आईडी पर मैसेज करो, जैसे ही आप टेलीग्राम पर मैसेज करते हो तो वो आपकी बैंक डिटेल मांगते हैं और उसके बाद आपके खाते मे 150 रुपये आ जाते है। उसके बाद ये आपको टेलीग्राम पर एक ग्रुप का लिंक भेजते हैं कि आप इस ग्रुप मे एड हो जाओ हम आपको इस ग्रुप मे हर आधे घंटे मे इसी प्रकार का लिंक देंगे आपको उसे सब्सक्राइब करके उसका स्क्रीनशॉट वापिस उसी ग्रुप मे भेजना है। उसके बाद आपके कुछ पैसे प्राप्त होते है। फिर आपके पास उसी ग्रुप के एडमिन द्वारा मैसेज आता है कि यदि आप अपने पैसों को ओर भी ज्यादा बढाना चाहते है तो आप ओर पैस इन्वेस्ट करें व इस ग्रुप मे कुछ लोग फर्जी मैसेज भी करते हैं कि मैने इसके माध्यम से बहुत सारे पैसे कमा लिए हैं जिससे व्यक्ति को लालच आ जाता है और आप इसमें ओर पैसे इन्वेस्ट करने शुरू कर देते हैं। उसके बाद जैसे जैसे आप पैसे डालते जाते हैं तो आपको वो एक फर्जी वेबसाइट पर ले जाते है, जहां आपको आपके पैसे एक वर्चुअल खाते मे दिखाई तो देते है पर आप जब उन्हे निकालने की कोशिश करते हैं तो आपको बोला जाता है कि दूसरे राउंड मे पैसे लगाने के बाद ही अपने पहले वाले पैसे निकाल सकते हैं, दूसरे के बाद तीसरा और तीसरे के बाद चौथा राउंड। इस तरह आपके पैसे फस जाते हैं व आप टास्क फ्राड का शिकार हो जाते हैं।

टास्क फ्राड/क्ल्लपी२३ेल्ल३ त्र१ं४ि से बचाव के तरीकेः-

1. आपको किसी विदेशी या भारतीय मोबाइल नम्बर से कोई पार्ट टाइम जॉब के लिए कोई मैसेज आता है तो आपको अच्छी तरह जांच पडताल करनी चाहिए। यदि आपको थोडा भी शक हो तो उसे आपको अनदेखा कर डिलीट कर देना चाहिए।
2. पार्ट टाइम जॉब आफर मे ज्यादा मुनाफे के चक्कर मे ना फसें और इस प्रकार के मैसेज को अनदेखा करें।
3. किसी भी प्रकार की जॉब के लिए आपको पैसे देने की आवश्यकता नही होती है, अत कोई भी भुगतान न करें।
4. यदि आपके पास पार्टटाइम जॉब का आफर आता है तो व्हाट्सएप या टेलीग्राम की बजाय मिलकर आमने सामने ही बात करें।
5. यदि आपको पार्टटाइम जॉब के लिए मैसेज आता है तो आप जॉब देने वाली कम्पनी के आफिस का पता लेकर उसे वेरिफाई करे। पार्ट टाइम जॉब आफर देने वाली कम्पनी से अपॉइंटमेंट लेटर देने के लिए बात करें।
6. पार्टटाइम जॉब आफर मे जिस नंबर से आपके पास व्हाट्सएप मैसेज आता है उस नम्बर पर जब आप कॉल करेंगे तो कभी भी आपका कॉल रिसीव नही किया जाता है, उसे साधारण काल करके सुनिश्चित करें।
7. टास्क/इन्वेस्टमेंट फ्राड मे आपके बैंक खाते में हर बार अलग अलग बैंक खातों से पैसे आते है। जबकि वास्तविक कम्पनियों से आपके बैंक खाते मे एक ही खाते से पैसे आते हैं।
8. वास्तविक कम्पनी आपको पैसे डालने के लिए कभी भी अलग अलग बैंक खाते या अलग अलग यूपीआई आईडी नहीं देती। यदि अलग अलग बैंक खाते दिए जाते हैं तो आप सावधान हो जाएं।

### घर से लापता 34 वर्षीय महिला को पुलिस ने किया बरामद

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )** डीसीपी बल्लबगढ़ राजेश दुग्गल के द्वारा दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए थाना शहर बल्लबगढ़ की टीम पुलिस चौकी अग्रसेन ने घर से लापता हुई महिला को बरामद करने का सराहनीय कार्य किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि महिला के पति ने अपनी शिकायत में बताया कि महिला 25 सितंबर को घर से मार्केट के लिए निकली थी जो मार्केट से वापस घर नहीं पहुंची। जिसकी तलाश परिजनों के द्वारा की गई।

# एनीमिया उन्मूलन के दौरान जरूर करवाएं एचबी टेस्ट : एडीसी आनन्द शर्मा

**तालमेल**

**8 स्वास्थ्य, शिक्षा और महिला एवं बाल विकास विभाग आपसी तालमेल करें**



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )** एडीसी आनन्द शर्मा ने कहा कि एनीमिया उन्मूलन के दौरान एचबी टेस्ट जरूर करवाए। एडीसी ने कहा कि स्वास्थ्य, शिक्षा और महिला एवं बाल विकास विभाग आपसी तालमेल करके इसका जिला फरीदाबाद में बेहतर क्रियान्वयन करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि एनीमिया कोई बीमारी नहीं है, बल्कि यह शरीर की खराबी है। जिला में एनीमिया उन्मूलन सप्ताह आगामी दिसम्बर माह तक चलेगा। जिसके दौरान जिला के सभी स्कूलों, सब सेंटरों, प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर नागरिकों के एच.बी.टेस्ट किए जाएंगे। बता दें कि जिला फरीदाबाद में सभी 379 स्कूलों के लगभग 130000 विद्यार्थियों का एनीमिया चेक किया जाएगा। वहीं हेल्थ चेकअप कैम्पों के बाद जरूरतमंद विद्यार्थियों को इलाज भी दिया जाएगा। डीसी ने बताया कि एनीमिया एक रक्त विकार है, जिसमें लाल रक्त कोशिकाएं सामान्य स्तर से कम हो जाती हैं या प्रत्येक लाल रक्त कोशिका में हीमोग्लोबिन की मात्रा सामान्य से कम होती है। किसी भी मामले में, शरीर के चारों ओर रक्त प्रवाह में कम मात्रा में ऑक्सीजन ले जाया जाता है। लाल रक्त कोशिकाएं (आरबीसी), हीमोग्लोबिन नामक एक विशेष प्रोटीन का उपयोग करके शरीर के ऊतकों तक ऑक्सीजन ले जाती हैं। एनीमिया कोई बीमारी नहीं है, बल्कि यह शरीर की खराबी है। एनीमिया एक आम रक्त स्थिति है। जिला सिविल सर्जन डॉक्टर विनय गुप्ता ने बताया कि जांच के दौरान जिस व्यक्ति का एच.बी. 7 ग्राम से कम मिलता है, तो उसको जिला के नागरिक अस्पताल में रेफर किया जाता है और जिसका एच.बी. 7 ग्राम से 11 ग्राम है उसको एक माह की दवाई दी जाएगी। एक माह पश्चात उसका पुनः टेस्ट किया जाएगा और आवश्यकता अनुसार उसका ट्रीटमेंट किया जायेगा। खासकर महिलाओं में यह देखा गया है कि मासिक धर्म वाली पांच में से एक महिला और सभी गर्भवती महिलाओं में से आधी एनीमिया से ग्रसित हैं।

ये हैं एनीमिया के लक्षणः-
जिला चिकित्सा अधिकारी डॉ विनय गुप्ता ने बताया कि कमजोरी, आसानी से थक जाना, पीली त्वचा, सांस की तकलीफ, ऑर्थोस्टैटिक हाइपोटेंशन, बार-बार सिरदर्द होना, चिड़चिड़ा व्यवहार, फटी या लाल जीभ, भूख में कमी, खाने की अजीब सी लालसा आदि होने पर तुरंत स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर डा को दिखाना चाहिए।

# आयुष ग्राम मोहना का किया गया शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )** डीसी विक्रम सिंह के कुशल मार्गदर्शन में 6वें राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत आज मंगलवार को आयुष विभाग एवं नेशनल आयुष मिशन हरियाणा के तहत जिला में चयनित आयुष ग्राम मोहना में चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जहां जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ मंजू ने बताया कि हरियाणा के प्रत्येक जिला में एक आयुष ग्राम चयनित हुआ है।
जिसमें जिला में मोहना को शामिल किया गया है।
कैम्प में कुपोषित बालक/बालिकाओं की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें औषधि दी गई



इस कैम्प में कुपोषित बालक/बालिकाओं की स्वास्थ्य जांच कर कुपोषित बच्चों को आयुर्वेदिक एवं होम्योपैथिक औषधियों का वितरण किया गया। इसके अलावा वरिष्ठ आयुष चिकित्सा अधिकारियों द्वारा कुपोषण सम्बंधित जानकारी व फलों एवं विभिन्न अनाज से होने वाले स्वास्थ्य लाभ बताये गये। इसके अंतर्गत बजट का आवंटन किया गया है एवं वर्ष कैलेंडर बनाया गया है, जिसमें समय-समय पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### ये कार्यक्रम होंगे आयोजित :-

इस कार्यक्रम में आयुष अधिकारी एवं अन्य स्टाफ, ग्राम पंचायत, स्कूल, आंगनवाड़ी, आशा वर्कर एवं सामान्य जन साधारण को आयुष पद्धति, ऋतुचर्या, आहार विहार, औषधीय पौधों की खेती, योग इत्यादि द्वारा आयुष का प्रचार प्रसार किया जाएगा।

### 637 ग्राम गांजा सहित आरोपी को क्राइम ब्रांच ने किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** डीसीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा के द्वारा शहर में अपराधियों की धर-पकड़ के दिए गए दिशा-निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच बदरपुर बॉर्डर प्रभारी संदीप कुमार की टीम ने गांजा तस्करी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम राहुल उर्फ शिबू है। आरोपी फरीदाबाद की जवाहर कॉलोनी का रहने वाला है। आरोपी को क्राइम ब्रांच टीम के द्वारा अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से थाना मुजेसर के एरिया ओल्ड प्रेस कॉलोनी से काबू किया गया है आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी से 637 ग्राम गांजा बरामद किया गया है।

# भारत विकास परिषद गोविंद शाखा फरीदाबाद द्वारा एनीमिया मुक्त भारत को लेकर लगाया गया विशाल कैंप



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )** भारत विकास परिषद गोविंद शाखा फरीदाबाद द्वारा एनीमिया मुक्त भारत के अंतर्गत 400 छात्रों हेतु एनीमिया चेकअप कैंप आयरन दवा वितरण एवं कैंसर जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया इस सेमिनार का आयोजन बल्लभगढ़ सेक्टर 2 सुषमा स्वराज राजकीय कॉलेज में किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में टिप्परचंद शर्मा समाजसेवी कार्यक्रम अध्यक्ष रितिका गुप्ता प्रधानाचार्य सुषमा स्वराज राजकीय कॉलेज, वहीं वशिष्ठ अतिथि के रूप में निधि जैन सचिव महिला एवं बाल कल्याण भारत विकास परिषद भाग लिया और इस मौके पर आम आदमी पार्टी जिला अध्यक्ष हरिंदर भाटी भी मौजूद रहे।
कार्यक्रम की शुरूआत से ही एनीमिया चेकअप कैंप आयरन दवा वितरण एवं कैंसर जागरूकता सेमिनार में बच्चों की काफी भीड़ रही। छात्राओं को दवाई भी वितरण की गई।
कार्यक्रम में छात्राओं के लिए प्रतियोगिता बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का आयोजन किया गया इसमें स्लोगन बनाने वाले विजेता रहे छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे टिप्पर चंद शर्मा ने कहा कि बच्चों के लिए इस तरह के कैंप का लगाना बहुत ही लाभदायक है।
खासकर छात्रों के लिए और आज जो एनीमिया चेकअप कैंप लगाया गया है इसको लेकर के एनीमिया मुक्त भारत अभियान जो की चलाया जा रहा है उसे कड़ी में इस तरह का कैंप जो है बहुत ही छात्राओं के लिए हेल्पफुल होने वाला है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही रितिका गुप्ता प्रधानाचार्य सुषमा स्वराज राज्य के कॉलेज ने कहा कि भारत विकास परिषद गोविंद शाखा के द्वारा लगाए गए इस कैंप के लिए वह सभी टीम मेंबर्स का हार्दिक धन्यवाद करती हैं और खास कर अध्यक्ष अजय शर्मा जिन्होंने दूसरी बार कॉलेज में इस तरह का कैंप लगाया है इससे पहले संस्था द्वारा सैकड़ो की संख्या में यहां पर विशाल पौधारोपण किया गया था और आज यह जो कैंप लगाया है यह स्टूडेंट्स के लिए बहुत ही लाभकारी सिद्ध होने वाला है।

# छात्रों के मध्य किया गया मतदान जागरूकता रैली का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )** पं. जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय परिसर में डॉ0 रूचिरा खुल्लर, प्राचार्या राजकीय महाविद्यालय फरीदाबाद के नेतृत्व में आज दिनांक 26.09.2023 को छात्रों के मध्य मतदान जागरूकता रैली का आयोजन महाविद्यालय परिसर में किया गया।
जिसमें महाविद्यालय में पढने वाले छात्र-छात्राओं को अपने मत का अधिक से अधिक प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। मतदान रैली में महाविद्यालय के लगभग 250 विद्यार्थियों ने बडे उत्साह के साथ बढ चढ कर हिस्सा लिया। जिसमें सभी विद्यार्थियों को मतदान



के बारे में विस्तृत जानकारी दी। छात्र-छात्राओं ने मतदान रैली का लुप्त उठाते हुए मतदान करने के लिए मौजूदा स्टाफ को पूर्ण आश्वाशन दिया। इस मौके पर नॉडल आफिसर डॉ0 अंषू भट्ट, डॉ0 सुषमा रानी, श्री संजीव कुमार तथा श्रीमती रजनी सहित अन्य शिक्षक गण मौजूद रहें।

# हरियाणा उदय कार्यक्रम के तहत इंस्पेक्टर सविता व उनकी टीम ने छात्राओं को किया जागरूक, डायल 112 पर करवाया रजिस्ट्रेशन

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )** हरियाणा उदय कार्यक्रम के अंतर्गत पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य के दिशा निर्देश के तहत सीनियर सिटीजन सेल प्रभारी इंस्पेक्टर सविता व उनकी टीम ने महिला पॉलिटेक्निक सेक्टर 8 में 500 छात्राओं को महिला सुरक्षा, साइबर अपराध, सड़क सुरक्षा संबंधित सामाजिक मुद्दों के बारे में जागरुक करते हुए जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर उनके साथ दुर्गा शक्ति से महिला सिपाही मनीषा व पूजा तथा स्कूल प्रशासन से प्रिंसिपल मीनू वर्मा, एचओडी अनुराधा ढांढा, रीना कपूर, नीलम राठी, शिक्षकगण पदम सिंह, चीना बत्रा, छवि डागर, सुशील चौधरी, अमित अत्री, सुमित्रा सांगवान मौजूद रही। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि इंस्पेक्टर सविता ने महिला पॉलिटेक्निक सेक्टर 8 में महिला विरुद्ध अपराध के बारे में जागरूक करते हुए बताया कि छात्र इस देश का मजबूत आधार हैं जो पढ़ लिखकर अपने माता-पिता व शहर का नाम रोशन करती हैं और देश को सफलता की नई ऊंचाइयों तक लेकर जाती हैं। स्कूल कॉलेज में पढ़ने वाली इन छात्राओं के लिए सुरक्षित माहौल प्रदान करना अति आवश्यक है ताकि वह सुरक्षित महसूस करें और बिना किसी डर के किसी भी समय घर से बाहर जा सके। स्कूल कॉलेज में पढ़ने वाली छात्राएं ट्यूशन के लिए देर शाम तक शिक्षण संस्थानों में जाती हैं या किसी अन्य काम से



बाहर जाती है जिनमें उन्हें आने में देर हो जाती है। देर रात श्याम यात्रा करने के लिए उन्हें ऑटो करना पड़ता है जिसमें महिलाओं की सुरक्षा है अति महत्वपूर्ण है। रात के समय महिलाएं सुरक्षित महसूस करें इसके लिए माननीय पुलिस आयुक्त ने महिलाओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सेफ सिटी परियोजना शुरू की है। इसके तहत प्रतिदिन लेट रात को यात्रा करने वाली महिलाएं अपने आप को डायल 112 पर रजिस्टर करवा सकती हैं और पुलिस द्वारा ऑटो चालकों को भी ट्रैक करने का तरीका अपनाया गया है जिसमें ऑटो चालकों को एक यूनिक नंबर दिया जाएगा और ऑटो चालकों को उनका नाम, मोबाइल नंबर, ऑटो मलिक का नाम, पता सही सारी जानकारी ऑटो के अंदर सामने वाली साइड लगानी अनिवार्य की जाएगी ताकि जो भी महिला उसमें यात्रा करे वह इसकी फोटो खींचकर डायल 112 पर भेज दें। इस प्रकार जो महिला उसे ऑटो में यात्रा करेगी उस महिला और ऑटो चालक दोनों की जानकारी पुलिस के पास होगी जिससे ऑटो चालक को आसानी से ट्रैक किया जा सकेगा।
पुलिस के इस प्रयास से ऑटो चालकों में भी पुलिस डर रहेगा और वह किसी प्रकार की आपराधिक वारदात को अंजाम देने की कोशिश नहीं करेंगे। इसके अलावा पुलिस टीम ने साइबर अपराध से बचने के लिए अपना बैंक खाता, क्रेडिट या डेबिट कार्ड की कोई जानकारी किसी के साथ साझा न करने की हिदायत दी।
पुलिस द्वारा दुर्गा शक्ति एप छात्राओं के मोबाइल में डाउनलोड करवाया गया और इसके बारे में जानकारी दी गई। इसके साथ ही पुलिसकर्मियों ने दुर्गा शक्ति एप के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यदि आपको कहीं पर भी महिला विरुद्ध अपराध घटित होता दिखाई दे तो वह इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें।
पुलिस द्वारा इस प्रकार के आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही छात्रों को साइबर अपराध से बचाव के लिए हेल्पलाइन नंबर 1930, नशा तस्करों के बारे में पुलिस को सूचना देने के लिए 9050891508 हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के समापन पर छात्राओं और स्कूल प्रशासन ने पुलिस द्वारा दी गई इस अहम जानकारी के लिए उनका धन्यवाद किया।

## संपादकीय

# पर्यटन स्थलों का विकास

27 सितंबर को 'विश्व पर्यटन दिवस' है। हालांकि भारत अपना राष्ट्रीय पर्यटन दिवस 25 जनवरी को मनाता है। जानकारी देना चाहूंगा कि विश्व पर्यटन दिवस के दिन आज बहुत से देशों में अलग-अलग गतिविधियां, कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। मेले तक लगाये जाते हैं। पर्यटन किसी भी देश के विकास का साक्षी बनता है इसलिए हमें यह चाहिए कि हम विभिन्न पर्यटन स्थलों का विकास करके, उनका संरक्षण करके लोगों के आपसी संपर्क को बढ़ा कर मित्रता व आपसी सहयोग व सद्भाव को ज्यादा से ज्यादा बढ़ावा दें। जानकारी देना चाहूंगा कि किसी भी देश की अर्थव्यवस्था में पर्यटन का बड़ा योगदान होता है। पर्यटन स्थलों पर देश-विदेश से आने वाले विभिन्न पर्यटक विभिन्न परिवहन साधनों से लेकर होटल, रेस्तरां और पर्यटन स्थलों के टिकट पर व्यय करते हैं और देश को बड़ी आय या इनकम होती है। वास्तव में विदेशी पर्यटकों को अपने देश में आकर्षित करने और पर्यटन के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए हर वर्ष विश्व पर्यटन दिवस मनाया जाता है। बहरहाल, जानकारी देना चाहूंगा कि पिछले कुछ सालो में विश्व पर्यटन दिवस विभिन्न सरकारों, व्यवसायों और व्यक्तियों, विभिन्न संगठनों के लिए एक साथ आने और इस पर विस्तार से चर्चा करने का एक आवश्यक मंच बन गया है। पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि पर्यटन आर्थिक विकास(इकोनोमिक डेवलपमेंट) का एक शक्तिशाली चालक है, जो दुनिया के विभिन्न देशों की जीडीपी में अपना महत्वपूर्ण व अभूतपूर्व योगदान देता है और लाखों नौकरियां भी पैदा करता है। वास्तव में, यह अंतर-सांस्कृतिक समझ को भी बढ़ावा देता है और विविध पृष्ठभूमि के लोगों को एक साथ लाकर शांति, सद्भाव और सौहार्द को भी बढ़ावा देता है।इसके अलावा, यह दिन पर्यटन उद्योग के सामने आने वाले महत्वपूर्ण मुद्दों को संबोधित करने के लिए एक मंच प्रदान करता है। पर्यटन उद्योग में अनेक प्रकार की चुनौतियाँ और अवसर है।वास्तव में, पर्यटन के महत्व को उजागर करने के लिए प्रतिवर्ष 27 सितंबर को विश्व पर्यटन दिवस के रूप में मनाया जाता है?। पर्यटन भी रोजगार का एक साधन है और पर्यटन दुनिया भर में रोजगार का सृजन करने और दुनिया भर के लाखों लोगों के लिए भविष्य बनाने में मदद करता है। जानकारी देना चाहूंगा कि पर्यटन रोजगार का ही सृजन नहीं करता है, अपितु यह(पर्यटन) वैश्विक रूप से, विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक तथा आर्थिक मूल्यों को बढ़ाने में तथा आपसी समझ बढ़ाने में भी सहायता करता है। मनोरंजन का साधन तो यह है ही। जानकारी देना चाहूंगा कि प्रत्येक वर्ष विश्व पर्यटन दिवस के विषय की यूएनडब्ल्यूटीओ द्वारा कोई न कोई थीम रखी जाती है। पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि वर्ष 2022 में जहां इसकी थीम 'पर्यटन पर पुनर्विचार' रखी गई थी और होस्ट इंडोनेशिया था। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि कोरोना महामारी से पर्यटन को काफी नुकसान हुआ था, इस ओर अधिक ध्यान दिए जाने के लिए यह थीम तय की गई थी। इसी तरह से वर्ष 2021 की थीम 'समावेशी विकास के लिए पर्यटन' रखी गई थी और होस्ट आइवरी कोस्ट था। वर्ष 2020 में थीम 'पर्यटन और ग्रामीण विकास' रखी गई थी और होस्ट अर्जेंटीना, ब्राजील और सदस्य सहयोगी थे।

# भाषा और संवाद के गिरते स्तर से आहत संसद

**राजेश माहेश्वरी**

> "इस निरंकुशता में भी संशोधन किया जाना चाहिए। शायद स्पीकर इस मामले को विशेषाधिकार समिति को भेजें, लेकिन ऐसे गालीबाज सांसद को तुरंत निलंबित किया जाना चाहिए था। जब कांग्रेस संसदीय दल के नेता अधीर रंजन चैधरी और विपक्ष के अन्य सांसदों के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की गई, तो तुरंत फैसला लिया गया। क्या रमेश बिधुड़ी को सत्ता पक्ष का सांसद होने के नाते ढील दी गई है और मुद्दे को शांत और ठंडा होने दिया जा रहा है? कारण कुछ भी हो, संसद के भीतर ये गालियां स्वीकार्य नहीं होनी चाहिए। भाजपा सांसद के एक मुस्लिम सांसद के प्रति धर्मसूचक शब्द का इस्तेमाल करने से पूरा राजनीतिक जगत हिल गया। ऐसे में तमिलनाडु सरकार के मंत्री द्वारा भारत के 80 फीसदी लोगों के धर्म को डेंगू, मलेरिया, कोरोना बताकर समूल नष्ट करने की बात कहने और लगातार दोहराए जाने के बाद तो पूरे देश को आंदोलित होना चाहिए था"

**संसद** का विशेष सत्र कई मायनों में ऐतिहासिक रहा। इस सत्र में नयी संसद में कामकाज की शुरूआत हुई तो वहीं बरसों से अटका पड़ा महिला आरक्षण विधेयक भारी बहुमत से पास हुआ। लेकिन इस सत्र में एक घटना ने लोकतंत्र के मंदिर की पवित्रता को भंग करने का काम किया। असल में दक्षिण दिल्ली के भाजपा सांसद रमेश बिधुड़ी ने उत्तर प्रदेश के बहुजन समाज पार्टी के सांसद दानिश अली के लिए जिन अपशब्दों का प्रयोग किया है, वह व्यवहार पूरी तरह अक्षम्य है। बिधूड़ी ने भाषा और संवाद की मयार्दा को तार-तार किया। इस मामले में जमकर राजनीति भी हो रही है। राहुल गांधी और अन्य दलों के नेता दानिष अली के समर्थन में सामने आए। कई विपक्षी सांसदों ने इसे शिवशेषाधिकार के उल्लंघनश का मामला बताते हुए स्पीकर से कार्रवाई की मांग रखी। इसी बीच, भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने बसपा सांसद दानिश अली सहित कई अन्य विपक्षी सांसदों के व्यवहार को गलत बताते हुए स्पीकर को पत्र लिख दिया। उन्होंने पूरे मामले की जांच के लिए एक ह्यजांच समितिह्न बनाने की मांग की है। बीजेपी सांसद निषिकांत दुबे का कहना है कि ह्यबिधूड़ी के पूरे भाषण के दौरान, उस दिन दानिश अली लगातार रनिंग कमेंट्री कर रहे थे और बिधूड़ी को परेशान करने और उन्हें उकसाने के उद्देश्य से सभी के प्रति अभद्र टिप्पणियां भी कर रहे थे, जिससे उनकी शांति और संयम खो जाए और वह सदन में सही तरीके से अपने विचार व्यक्त न कर पाएं। दुबे ने पत्र में कहा है, उन्होंने (दानिश अली) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ बेहद आपत्तिजनक और निंदनीय टिप्पणी की, जिसे सुनकर कोई भी देशभक्त जनप्रतिनिधि अपनी शांति खोकर और उनके जाल में फंसकर अप्रिय बोल सकता था और उस दिन ऐसा ही हुआ। बीजेपी सांसद रमेश बिधूड़ी ने दानिश अली के धर्म को लेकर जिन शब्दों का उपयोग किया उन्हें असंसदीय मानकर कार्यवाही से निकाल दिया गया। लोकसभा अध्यक्ष ओमप्रकाश बिरला ने रमेश बिधूड़ी को कड़ी चेतावनी दी, वहीं भाजपा अध्यक्ष जगतप्रकाश नड्डा ने 15 दिन में जवाब मांगा है। बिधूड़ी ने गत दिवस पार्टी अध्यक्ष को अपना जवाब सौंप दिया है। संसद में रक्षा मंत्री राजनाथ



सिंह ने अपनी पार्टी के सांसद के अशोभनीय बयान के लिए माफी मांगने की सौजन्यता भी दिखाई। वहीं दानिश अली ने अध्यक्ष से मामले को विशेषाधिकार समिति में भेजने की अपील के साथ चेतावनी दी कि न्याय न मिलने पर वे सदस्यता छोड़ देंगे। लेकिन अब तक जो होता आया है उसके अनुसार मामला विशेषाधिकार समिति में जाएगा और रमेश बिधूड़ी के माफी मांग लेने पर उसका पटाक्षेप हो जाएगा। हाल ही में कांग्रेस नेता अधीर रंजन चैधरी द्वारा प्रधानमंत्री के बारे में की गई आपत्तिजनक टिप्पणियों के संदर्भ में भी यही देखने मिला। बावजूद इसके संसद या उसके बाहर ऐसी बातें कहने का अधिकार किसी को भी नहीं है। संविधान के अनुच्छेद 105 (2) के मुताबिक, संसद में कही गई बात को अदालत में चुनौती नहीं दी जा सकती। इस निरंकुशता में भी संशोधन किया जाना चाहिए। शायद स्पीकर इस मामले को विशेषाधिकार समिति को भेजें, लेकिन ऐसे गालीबाज सांसद को तुरंत निलंबित किया जाना चाहिए था। जब कांग्रेस संसदीय दल के नेता अधीर रंजन चैधरी और विपक्ष के अन्य सांसदों के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की गई, तो तुरंत फैसला लिया गया। क्या रमेश बिधुड़ी को सत्ता पक्ष का सांसद होने के नाते ढील दी गई है और मुद्दे को शांत और ठंडा होने दिया जा रहा है? कारण कुछ भी हो, संसद के भीतर ये गालियां स्वीकार्य नहीं होनी चाहिए। भाजपा सांसद के एक मुस्लिम सांसद के प्रति धर्मसूचक शब्द का इस्तेमाल करने से पूरा राजनीतिक जगत हिल गया। ऐसे में तमिलनाडु सरकार के मंत्री द्वारा भारत के 80 फीसदी लोगों के धर्म को डेंगू, मलेरिया, कोरोना बताकर समूल नष्ट करने की बात कहने और लगातार दोहराए जाने के बाद तो पूरे देश को आंदोलित होना चाहिए था। बजाय इसके कांग्रेस अध्यक्ष के बेटे तक ने सनातन विरोधी बयान का समर्थन कर डाला। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य रामचरित मानस के बारे में अपमानजनक टिप्पणी करने के बावजूद पार्टी के पद पर हैं। बीते कुछ दिनों से वे हिंदू शब्द की बेहद निम्न स्तरीय व्याख्या कर रहे हैं किंतु समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, कांग्रेस या अन्य किसी को उसमें कोई बुराई नजर नहीं आ रही। स्वामी प्रसाद की देखा सीखी बिहार में नीतीश सरकार के कुछ मंत्री भी निरंतर रामचरितमानस और सनातन धर्म पर घटिया टिप्पणियां कर रहे हैं, जिनको न मुख्यमंत्री रोक रहे हैं और न ही लालू प्रसाद यादव। कांग्रेस नेता राहुल गांधी 2019 के चुनाव में चौकीदार चोर का नारा किसके लिए लगवाते थे, ये सब जानते हैं। सभी मोदी चोर हैं जैसी टिप्पणी के लिए तो वे मानहानि के दोषी तक करार दिए गए। इसके अलावा वीर सावरकर के बारे में उनके सार्वजनिक बयान क्या एक राष्ट्रीय नेता की प्रतिष्ठा के अनुरूप थे ? यह विचारणीय विषय है कि ऐसी टिप्पणियां करके ये नेता राज्य की जनता को क्या संदेश दे रहे हैं? शायद नेता भूल गए कि आम जनता राजनीतिक नेतृत्व को रोल मॉडल मानती है। अपने सदाचरण के लिए महात्मा गांधी को राष्ट्रपिता, पं.जवाहर लाल नेहरू को चाचा नेहरू तथा कई अन्य राजनेताओं को इसी तर्ज पर आत्मीय संबोधन मिले, लेकिन मौजूदा दौर में कोई नेता आम आदमी से ऐसी आत्मीयता का हकदार नहीं दिखता। इसकी एकमात्र वजह नेताओं का आचरण और जीवनशैली है। इन्हीं हालात के चलते राजनीतिक क्षेत्र में दबंगों, कारोबारियों और अपराधियों का वर्चस्व बढ़ता जा रहा है क्योंकि अच्छी सोच रखने वाले लोग राजनीति को अपने लिए सही स्थान नहीं मानते। देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए यह अच्छा संकेत नहीं है। देश के प्रधानमंत्री मोदी के लिए कांग्रेस नेताओं ने अनेक गालियों का इस्तेमाल किया है और वे अपशब्द इनसे भी ज्यादा अभद्र और अश्लील रहे हैं, लेकिन कांग्रेस को कुछ भी हासिल नहीं हुआ। इधर भाजपा सांसद ने बसपा सांसद को गालियां दीं, उधर हरियाणा के प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान ने अकारण ही प्रधानमंत्री और राज्य के मुख्यमंत्री के लिए घोर अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया। क्या राजनीति इसी आधार पर की जा सकती है? इस हम्माम में सभी दलों के नेता डूबे हैं। उनके खिलाफ आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गई, लिहाजा शक होता है कि बिधुड़ी के खिलाफ भी कुछ किया जाएगा। सनातन धर्म के बारे में द्रमुक अध्यक्ष स्टालिन के बेटे उदयनिधि द्वारा की जा रही अनर्गल टिप्पणियां यदि किसी अन्य धर्म के बारे में की गई होती तो उनका जीना दूभर हो जाता। कहने का आशय ये है कि अशालीन और अपमानजनक टिप्पणियों के विरुद्ध एक जैसी राय रखी जानी चाहिए। इसमें राजनीतिक लाभ और हानि की बजाय गुण-दोष के आधार पर फैसला किया जाना जरूरी है। जो गलत है वो गलत है, फिर चाहे उदयनिधि हों, स्वामी प्रसाद हों या फिर रमेश बिधूड़ी। भाजपा को चाहिए वह रमेश बिधूड़ी पर कड़ी कार्रवाई करे। लेकिन एक सांसद पर डंडा चला देने से सब कुछ ठीक हो जाएगा ये मानकर बैठ जाना निरी मूर्खता होगी। दरअसल, जब राजनीति वैचारिक आधार खो देती है, तब राजनीतिक कार्यकर्ता ऐसा आचरण करने लगते हैं। ये घटनाएं संकेत देती हैं कि राजनीति किस हद तक वैचारिक दीवालियेपन की शिकार हो चुकी है।

## कविता

### कैसे जख्म दिखाएं जमाने को

कैसे जख्म दिखाएँ जमाने को,
हमेशा जहर दिया दीवाने को।।

नादाँ न समझ पाया जमाने को,
हमेशा हमदर्द समझा जमाने को।

फरेब नहीं किया कभी किसी से,
मासूम,बूझ न पाया जमाने को।

बन्दीश थी प्यार पर दीवाने की,
इश्क में प्यारा पैगाम दिया जमाने को।

गजल,आशिकी, दिवानगी बेमानी है
आशिक है क्या समझेगा जमाने को।

आवारा मसीहा था दीवाना,मस्ताना,
आशिक की फिक्र ही कहाँ ,जमाने को।

इश्क नेमत है, बताओ जरा जमाने को,
मोहब्बत पाकीजा है समझा जरा जमाने को,

छोङ आशिकी मनाले जमाने को,
बन जा बाहुबली,चला जमाने को।।

संजीव ठाकुर

# त्वचा के ग्लो के लिए टोनर का उपयोग

**शहनाज हुसैन**

**टोनर को** हम अपने सौन्दर्य प्रसाधनों में सबसे कम अहमियत देते हैं क्योंकि अभी भी ज्यादातर महिलाएं इसके महत्व और उपयोग को लेकर जागरूक नहीं है जबकि टोनर दिन और रात में त्वचा के देखभाल में सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण रोल अदा करता है / टोनर त्वचा की सफाई , नमी और पी एच स्तर के नियन्त्रण में मददगार साबित होता है / स्किन टोनर त्वचा को साफ कर पोर्स में फंसी गंदगी, मैल और अन्य अशुद्धियों को हटा देता है/ टोनर लगाने से स्किन हाइड्रेट रहती है/ टोनर के इस्तेमाल से रूखी त्वचा में नमी आती है/ टोनर आपकी त्वचा के पीएच लेवल के बैलेंस करने में मदद करता है/

चेहरा फेसवॉश करने के बाद आपकी त्वचा के रोम छिद्र खुल जाते हैं। इसलिए त्वचा पर कोई क्रीम या मॉइश्चराइजर लगाने से पहले टोनर का उपयोग करना चाहिए। टोनर त्वचा को गहराई से साफ करने के साथ.साथ त्वचा के पोर्स को टाइट करने में भी मदद कर सकता है तथा एक तरह का नैचरल लुब्रिकेंट होता जो आपकी त्वचा के प्रकृतिक तैलीय सन्तुलन बनाए रखने में मदद करता है / जब इसे नियमित रूप से उपयोग किया जाता हैए तो यह त्वचा में झुर्रियां, कील मुहांसों सहित त्वचा की कई समस्याओं को दूर कर देता है/ अगर आपने मेकअप किया है तो सबसे पहले मेकअप हटा लें और इसके बाद फेसवॉश से चेहरे को धो लें/ फेस की क्लीनिंग के बाद टोनर लगाएं / आपने मेकअप नहीं किया हुआ है तो आप फेसवॉश के बाद टोनर का इस्तेमाल कर लें/ इसके बाद आप कोई सीरम या फिर अपना मॉइस्चुराइजर लगा सकते हैं/ इसके बाद आप अपनी ब्यूटी क्रीम को अप्लाई करें/

बाजार से टोनर खरीदना कई बार न केवल महंगा साबित होता बल्कि उसकी गुणबत्ता को लेकर भी काफी सबाल देखने में मिलते हैं / हमारे

किचन में ही ऐसी कई चीजें मौजूद हैं जो टोनर का काम करती हैं और स्किन की खूबसूरती बढ़ाती हैं। गुलाब जल, खीरा, नींबू, खस जैसी सामग्री से आप घर पर ही टोनर बना सकती हैं। त्वचा को ताजा मुलायम बनाने के लिए ग्रीन टी, एप्पल साइडर विनेगर, आलू और टमाटर का भी उपयोग कर सकती हैं।

गुलाबजल और कच्चा दूध ऐसे स्किन टोनर हैं, जिनका उपयोग हर तरह की त्वचा पर किया जा सकता है / ये चीजें घर की दैनिक जरूरतों में भी उपयोग होती हैं। इसलिए आपको टोनर के लिए अलग से पैसे खर्च करने की जरूरत नहीं पड़ती है। ग्रीन टी टोनर त्वचा द्वारा उत्पादित सीबम को नियंत्रित करता है। यह स्किन को आयल फ्री बनाये रखता है। ग्रीन टी के एंटी बैक्टीरियल और एंटी इन्फ्लामेट्री गुण सूजन को कम करते हैं। ये मुंहासों को कंट्रोल करते हैंए जिससे साफ, बेदाग त्वचा मिलती है।

## विचार

# दुनिया में तेजी से बढ़ रहा है पर्यटन उद्योग

**रमेश सर्राफ धमोरा**

**किसी भी देश** की अर्थव्यवस्था में पर्यटन का बड़ा योगदान होता है। पर्यटन जिसे चिमनी विभिन्न उद्योग के नाम से भी जाना जाता हैं। आज भी लाखों लोगों को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार उपलब्ध करा रहा है। पर्यटन स्थलों पर देश-विदेश से आने वाले पर्यटक परिवहन साधनों से लेकर होटल, रेस्तरां और पर्यटन स्थलों के टिकट पर व्यय करते हैं। जिससे राजस्व की बढ़ोतरी होती है। घूमने का शौक रखने वाले नए-नए पर्यटन स्थलों की खोज में रहते हैं। पर्यटन को बढ़ावा देने, पर्यटकों को आकर्षित करने और जागरूकता बढ़ाने के लिए हर वर्ष विश्व पर्यटन दिवस मनाया जाता है। आज के समय में जहां हर देश की पहली जरूरत अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है। वहीं आज पर्यटन के कारण कई देशों की अर्थव्यवस्था पर्यटन उद्योग के इर्द - गिर्द घूमती है। यूरोपिय देश, तटीय अफ्रीकी देश, पूर्वी एशियाई देश, कनाड़ा, आस्ट्रेलिया आदि ऐसे देश है। जहां पर पर्यटन उद्योग से प्राप्त आय वहां की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करती है। पर्यटन सिर्फ हमारे जीवन में खुशियों के पल को वापस लागे में ही मदद नहीं करता है। बल्कि यह किसी भी देश के सांस्कृतिक, सामाजिक, राजनैतिक और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। वैश्विक स्तर पर पर्यटन दिवस 27 सितंबर को मनाते हैं। पहली बार विश्व पर्यटन दिवस 1980 में मनाया गया था। इस दिन की शुरूआत संयुक्त राष्ट्र विश्व व्यापार संगठन ने की थी। 27 सितंबर के दिन विश्व पर्यटन दिवस मनाने की खास वजह थी। इसी दिन 1970 में संयुक्त राष्ट्र विश्व व्यापार संगठन को मान्यता मिली थी। संयुक्त राष्ट्र विश्व व्यापार संगठन की वर्षगांठ के दिन विश्व पर्यटन दिवस मनाने का फैसला लिया गया। पर्यटन दिवस को मनाने का उद्देश्य पर्यटन के जरिए रोजगार को बढ़ावा देने, लोगों को पर्यटन के प्रति जागरूक करने और अधिक से अधिक पर्यटन स्थलों के बारे में लोगों को जानकारी देना है। हर साल विश्व पर्यटन दिवस की मेजबानी दुनिया का कोई एक देश करता है। पिछले साल विश्व पर्यटन दिवस का मेजबानी इंडोनेशिया ने की थी। था। इस बार सऊदी अरब विश्व पर्यटन दिवस 2023 की मेजबानी कर रहा है। विश्व पर्यटन दिवस की एक खास थीम होती है। पिछले सात की थीम पर्यटन पर पुनर्विचार थी। कोरोना महामारी से पर्यटन को काफी नुकसान हुआ है। इस ओर अधिक ध्यान दिए जाने के लिए यह थीम तय की गई थी। इस वर्ष विश्व पर्यटन दिवस 2023 की थीम पर्यटन और हरित निवेश है। विश्व पर्यटन दिवस अंतरराष्ट्रीय स्तर पर टूरिज्म को बढ़ाने में मदद करता है। ताकि देशों को पर्यटन के लिहाज से एक दूसरे से जोड़ा जा सके। यात्रियों को अपने देश के अलावा विदेशी पर्यटक स्थलों के बारे में भी पता चले और वह दूसरे देश के पर्यटन के जरिए विदेशी संस्कृति को करीब से जान पाए। भारत दुनिया के उन चुनिंदा देशों में से है जहां कलात्मक, धार्मिक और प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर दर्शनीय स्थलों एवं कृतियों की कमी नहीं है। यही कारण है कि हजारों मील दूर रहने वाले विदेशी लोग भी पर्यटन के लिए यहां आने का लोभ छोड़ नहीं पाते हैं। यही नहीं देशी पर्यटक भी बड़ी तादाद में कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक फैले देश के विभिन्न पर्यटन केंद्रों पर देखे जा सकते हैं। देश के लिए बहुमूल्य विदेशी मुद्रा की कमाई करने में पर्यटन उद्योग का अच्छा खासा महत्व है। विशेषज्ञों द्वारा संभावना जताई जा रही है कि आगामी दस वर्षों में पर्यटन आधारित अर्थव्यवस्था में भारत का स्थान विश्व में तीसरा हो जाएगा। देश में इस दौरान लगभग एक करोड़ नये रोजगाार का इस क्षेत्र में सृजन होने की उम्मीद है। वर्ल्ड ट्रेवल एंड टूरिज्म कौंसिल द्वारा जारी रिपोर्ट में इस आशय की संभावनाओं की ओर इशारा किया गया है। अभी देश में लगभग चार करोड़ लोग टूर एंड टूरिज्म इंडस्ट्री के माध्यम से प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष तौर पर आजीविका हासिल कर रहे हैं। देश की अर्थव्यवस्था के विभिन्न पहलुओं पर नजर रखने वालों का मानना है कि देश में उपलब्ध पर्यटन क्षमता का समुचित रूप से इस्तेमाल नहीं किया जा रहा है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
**9999889104, 9250706656**
ई-मेल : **actionindiaharyana@gmail.com**



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# मोटे अनाज विदेशी मेहमानों की थाली में परोसे जा रहे

**विजय गर्ग**

**मोटे अ**नाजों पर यह कहावत पूरी तरह चरितार्थ होती है कि 'पुरुष बली नहीं होत है, समय होत बलवान ।' हरित क्रांति के दौर में जो मोटे अनाज गरीबों की थाली तक सिमट गए थे, आज वे विदेशी मेहमानों की थाली में परोसे जा रहे हैं। हाल में संपन्न जी-20 शिखर सम्मेलन और उसके पहले देश भर में हुई इस समूह की अन्य बैठकों में मेहमानों के स्वागत से लेकर होटल के खाने-पीने तक हर जगह देसी टच दिया गया। विदेशी नेताओं को मोटे अनाज जैसे ज्वार, बाजरा और रागी से बने पकवान परोसे गए। विदेशी मेहमानों ने मोटे अनाज से बने स्नैक का लुत्फ देसी चाय के साथ उठाया। इससे भारत के मोटे अनाजों की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ब्रांडिंग भी हुई। मोटे अनाजों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए 2023 को 'इंटरनेशनल ईयर आफ मिलेट्स' घोषित किया गया है। इससे पहले 2018 में भारत ने राष्ट्रीय स्तर पर मोटा अनाज वर्ष मनाया था। मिलेट्स में मोटे एवं छोटे दानों वाले अनाज शामिल होते हैं। प्रमुख मोटे अनाजों में ज्वार, बाजरा, रागी का नाम आता है तो वहीं छोटे अनाजों में कुटकी, कांगनी, कोदो और सावां शामिल हैं। इनमें कैल्शियम, आयरन और फाइबर समेत ढेरों पोषक तत्व पाए जाते हैं। इसीलिए मोटे अनाजों को सुपरफूड का दर्जा दिया गया है। आज मोटे अनाज आकर्षक पैकिंग में बड़े-बड़े शापिंग माल में बिक रहे हैं। दुनिया के कई देशों में इन अनाजों को बड़े चाव से खाया जाता है। पोषक तत्वों की भरपूर मौजूदगी और बीमारियों से लड़ने की अद्भुत क्षमता को देखते हुए मोटे अनाज देश की पोषण सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण हैं। इसीलिए चिकित्सा जगत मोटे अनाजों को भोजन में शामिल करने की पैरवी कर रहा है। अब सरकार ने भी मोटे अनाजों से बने प्रसंस्कृत उत्पादों को नाश्ते और भोजन की थाली में शामिल करने की योजना बनाई है। प्रसंस्कृत उत्पादों को स्थानीय लोगों की उम्र एवं स्वाद के अनुरूप बनाया जाएगा। उल्लेखनीय है कि देश की 42 प्रतिशत जनसंख्या का मुख्य आहार स्टार्च युक्त भोजन है और 60 करोड़ लोग गंभीर रूप से कुपोषित हैं।

## पेट की थैली

**डॉ. सुरेश कुमार**

**एक बार** के लिए दोषी ने अपने पिता और पुत्र की ओर देखा और फिर जज कि ओर देखते हुए कहने लगा झ्र हाँ मैं मानता हूँ कि मैंने अपराध किया है। गैर-कानूनी तरीके से अपने बाप-दादा की जमीन अपने पिता और पुत्र की अनुमति के बिना बेचना अपराध है। किंतु मुझे ऐसा अपराध करने का कोई पछतावा नहीं है। यह अपराध न्यायसंगत है। मैंने जीवन में इससे भी बड़े कई अपराध किए हैं। उन अपराधों के लिए पछतावा है, लेकिन इसके लिए कतई नहीं। मेरी सबसे पहली गलती यह है कि मेरा जन्म निम्नवर्गीय परिवार में हुआ। दूसरी गलती यह कि मैने शादी की। अधिक संतानों को जन्म देकर तीसरी गलती की है। अपने पिता की कमजोर पड़ती आँखों का इलाज करवाने की बजाय उनसे जमीन के कागजात पर धोखे से हस्ताक्षर करवाये, यह मेरी चौथी गलती है। मेरी पाँचवीं गलती यह है कि मैंने इकलौते बेटे की ऊँची पढ़ाई के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी। सोचा इसकी शादी बड़े घराने में होगी तो बेटियों की शादी के लिए दहेज की चिंता नहीं सताएगी। उसके चक्कर में बेटियों के साथ अन्याय कर बैठा। मेरी छठी गलती यह है कि मैंने दहेज देने की असमर्थता के चलते अपनी बड़ी बिटिया की शादी ऐसे कसाई से कर दी जो उसे हर दिन मारता-पीटता था। एक दिन वह चल बसा। अब बिटिया विधवा बनकर घर में बैठी है। सातवीं गलती यह है कि दूसरी बिटिया अपने पैरों पर खड़े होकर दो-चार पैसे क्या कमा रही थी कि मेरे मन में लालच पैदा हो गया। कहीं उसकी शादी हो गई तो घर में आने वाली आमदनी बंद न हो जाए। इसीलिए मैने कभी उसकी शादी नहीं की। मेरी आठवीं गलती यह है कि मेरी तीसरी बिटिया प्रेम विवाह करके घर छोड़कर चली गयी तो मैं दुखी होने के बजाय खुश होने लगा। सोचा किसी तरह बला टली। मैंने नवीं गलती अपनी चौथी बिटिया की पढ़ाई बंद करवाकर की है। वह पढ़ने में अव्वल है। बोर्ड परीक्षा में पूरे जिले में प्रथम आयी थी। मैंने उसकी पढ़ाई यह कहकर बंद करवा दी कि तुम कहीं ज्यादा पढ़-लिख लोगी तो तुम्हारे लिए पढ़ा-लिखा लड़का ढूँढ़ना होगा।

# चेतना यात्रा ने तैयार की वैश्य संकल्प रैली की राजनीतिक जमीन

## रिहायशी, व्यवसायिक इलाकों में हुए सैंकड़ों आयोजन एवं बाजारों के भ्रमण से वैश्य बिरादरी में भरा जोश व उत्साह

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**राजनीतिक दलों की** फील्ड में बढ़ती गहमागहमी और सत्ता में आने या बरकरार रहने की चाहत के बीच में जीन्द में अपनी राजनीतिक ताकत का अहसास करवाने के लिए वैश्य बिरादरी कमर कस चुकी है। वैश्य मोटरसाइकिल चेतना यात्रा के माध्यम से वैश्य बिरादरी ने प्रदेश में पिछले 11 दिन में 75 शहरी इलाकों से होते हुए 3100 किलोमीटर का सफर तय कर गांधी जयंती की पूर्व संध्या पर जीन्द में होने जा रही वैश्य संकल्प रैली के लिए मजबूत जमीन तैयार कर दी है। प्रदेश की राजनीति में अपना वर्चस्व बढाने के लिए राजनीतिक दलों की तर्ज पर वैश्य बिरादरी द्वारा आगामी एक अक्टूबर को जीन्द के अर्जुन स्टेडियम में आयोजित की जा रही वैश्य संकल्प रैली पर सबकी निगाहें टिक गई हैं। आगामी लोकसभा चुनाव हों या विधानसभा चुनाव,



अपनी पुरानी ताकत को हासिल करने के लिए बिरादरी के विभिन्न संगठन न केवल एक मंच पर आ रहे हैं, बल्कि आए दिन अपने समाज को सुनियोजित तरीके से जागरूक करने में जुटे हुए हैं। हरियाणा प्रदेश वैश्य महासम्मेलन द्वारा निर्धारित वैश्य संकल्प रैली में अग्रोहा विकास ट्रस्ट और अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन भी कंधे से कंधा मिलाकर अपनी भागीदारी कर रहे हैं। इस आयोजन की कामयाबी के लिए 15 सितम्बर से 25 सितम्बर देर शाम तक हरियाणा प्रदेश वैश्य महासम्मेलन की युवा इकाई द्वारा सहयोगी संगठनों को साथ लेकर निकाली गई वैश्य मोटरसाइकिल चेतना यात्रा

**रैली पर नजर**

**8 वैश्य बिरादरी द्वारा एक को जीन्द के अर्जुन स्टेडियम में आयोजित की जा रही वैश्य संकल्प रैली पर सबकी निगाहें टिक गई हैं**

ने इस रैली की कामयाबी की जमीन तैयार कर दी है। वैश्य बिरादरी के 18 गौत्र के 18 युवा मोटरसाइकिल पर सवार होकर जब पंचकूला से चले तो उन्होंने अगले 11 दिन में 75 शहरों में 3100 किलोमीटर का सफर करते हुए माहौल बनाने का काम किया। हर दिन औसतन दो जिलों के महत्वपूर्ण कस्बों का भ्रमण करते हुए चेतना यात्रा का अलग-अलग संगठनों द्वारा चौक, चौराहो, धर्मशाला में न केवल भव्य स्वागत किया गया, बल्कि उनके द्वारा जीन्द रैली के दिए गए निमंत्रण को स्वीकार करते हुए पूरे जोश व उत्साह के साथ आने का संकल्प लिया गया। चेतना यात्रा का स्वागत न केवल ढोल-नगाडों के साथ हुआ, बल्कि कई शहरों व कस्बों में देर रात तक पहुंची यात्रा का आतिशबाजी के साथ स्वागत कर विशेष माहौल बनाने का काम किया गया। इसके अतिरिक्त चेतना यात्रा के दौरान महिलाओं की उल्लेखनीय भागीदारी देखकर लग रहा है कि वैश्य समाज की महिलाओं ने भी अब घर परिवार की जिम्मेवारी के अलावा सामाजिक व राजनीतिक जिम्मेवारी निभाने के लिए मन मजबूत कर लिया है। वैश्य मोटरसाइकिल चेतना यात्रा को उस समय बडी कामयाबी मिली, जब अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा द्वारा भी वैश्य संकल्प रैली में बढचढ कर भागीदारी करने का ऐलान किया गया।

## न्यूज फ्लैश

### प्रेम प्रसंग के चलते युवक ने ट्रेन के आगे कूद कर दी जान

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

अंबाला छावनी के सीमावर्ती गांव मोहड़ी के पास प्रेम-प्रसंग के चलते एक युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। युवक के लोअर की जेब से एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ। युवक की शिनाख्त राहुल निवासी क्योड़क जिला कैथल के रूप में हुई है। घटना देर रात की बताई जा रही है। सुबह जीआरपी कुरुक्षेत्र ने सूचना पाकर शव की शिनाख्त के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। राहुल की बहन शाहाबाद के माजरी मोहल्ले में रहती है। राहुल करीब 6 महीने से अपनी बहन के पास ही रहता था। यहां वह अपने जीजा के साथ काम करने जाता था। जीआरपी के अनुसार राहुल पिछले कुछ दिनों से प्रेम-प्रसंग के चलते परेशान चल रहा था। इस कारण उसने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। राहुल के लोअर की जेब से एक सुसाइड नोट बरामद हुआ। जिसमें उसने अपनी मौत के लिए किसी को जिम्मेदार नहीं ठहराया। इस सुसाइड नोट में उसने अपने परिवार सहित युवती का नाम भी लिखा है। साथ ही उसने अपने परिजनों से आत्महत्या के लिए माफी भी मांगी है। जीआरपी थाना कुरुक्षेत्र में तैनात सब इंस्पेक्टर कमल कुमार ने बताया कि राजेश ने राहुल की शिनाख्त अपने भाई के रूप में की है। पुलिस ने मामले में इत्तेफाकिया रिपोर्ट दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों के हवाले कर दिया है।

### हत्या के मामले में आरोपी प्रवीण को जेल भेजा

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** न्यू टैगोर गार्डन स्थित टांगरी बांध रोड पर निमाणार्धीन बिल्डिंग के बाहर चारपाई पर सो रहे 45 वर्षीय इंद्रपुरी कॉलोनी निवासी रामशरण उर्फ काला की हत्या के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी प्रवीण को गिरफ्तार किया है। आरोपी प्रवीण को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया है। वारदात के बाद सुबह पांच बजे दुकान के भीतर सो रहा नौकर उठा तो खून से सना शव देखकर शोर मचाया। इलाका पुलिस और जांच एजेंसियां भी मौके पर पहुंची और सुराग एकत्रित करने में जुट गई। पहले तो ब्लाइंड मर्डर लग रहा था, लेकिन मृतक के मोबाइल को खंगालते ही आखिरी कॉल से हत्या की गुत्थी सुलझ गई। पुलिस ने जांच में पाया कि मामला तीन बच्चों की मां से प्रेम प्रसंग से जुड़ा है। रामशरण और उसका पड़ोसी प्रवीण दोनों महिला से प्रेम करते थे। इसी बात पर रंजिश चल रही थी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर उसे काबू कर लिया है। पुलिस को मृतक रामशरण के मोबाइल पर देररात एक नंबर से कॉल आई दिखी। पता करने पर वह एक महिला का नंबर निकला। जब महिला से पूछताछ की तो पूरी स्थिति स्पष्ट हो गई। पता लगा कि तीन बच्चों की मां की पहले प्रवीण से दोस्ती थी और वो नशा करता था। फिर उसकी रामशरण से दोस्ती हो गई। ऐसे में प्रवीण और रामशरण के बीच कई बार झगड़ा भी हुआ था। उस समय भी आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी थी। बताया जाता है कि रविवार रात को भी प्रवीण का महिला से झगड़ा हुआ था और उसी रंजिश के चलते रामशरण को मौत के घाट उतार दिया। रामशरण के दो बच्चे है, बेटा दिल्ली में नौकरी करता है तथा बेटी कनाडा में पढ़ाई कर रही है।रामशरण की पत्नी ने बताया कि उसके पति पहले चक्की का काम करते थे। लेकिन चक्की बंद कर उसके पति दुकानें किराये पर देने के लिए बनवा रहे थे। इसी दौरान उनकी हत्या हो गई।

### युवा विरोधी है भाजपा सरकारझसचिन कुंडू

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत/कमाल हुसैन**

**पानीपत नूरवाला** की विभिन्न कालोनियों से पानीपत ग्रामीण के सैकडों युवा साथियों ने कांग्रेस पार्टी में आस्था जताते हुए हरियाणा युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सचिन कुंडू के निवास स्थान सैक्टर 18 पर पहुंचकर कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए। सचिन कुंडू ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार यूवा विरोधी है आज हरियाणा बेरोजगारी में देश भर में प्रथम स्थान पर है। भाजपा सरकार ने प्रदेश में न ही शिक्षा के क्षेत्र में कुछ किया और न ही रोजगार के लिए किया। कांग्रेस सरकार को याद करते हुए सचिन कुंडू ने कहा कि चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा के समय में प्रदेश में हर वर्ग खुशहाल हुआ करता था। चाहे वह खेलों में हो, शिक्षा में और युवाओं को रोजगार देने में नम्बर एक था। शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए नई नई यूनिवर्सिटी बनाई जाती थी। और रोजगार न मिलने के कारण आज का युवा नशे की तरफ जा रहा है । परंतु वर्तमान की भाजपाझजजपा सरकार मात्र अपनी जेबें भरने में लगी है। प्रदेश की वर्तमान सरकार ने हरियाणा को दीमक की तरह खोखला कर दिया है। प्रदेश के हर वर्ग की खुशहाली के लिए और हरियाणा को फिर से तरक्की की राह पर लाने के लिए प्रदेश की जनता आने वाले विधनसभा चुनाव में कांग्रेस को चुनेगी और प्रचंड बहुमत से जीत हासिल कर आदरणीय चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा जी के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार फिर से सत्ता में आएगी। इस अवसर पर...जय कुमार बिंदल (पूर्व पार्षद), सुमित कुमार, राहुल सिंह, नीरव, रोहित, नीरू, अशोक, परवीन, मोहित बिंझौल, तेजी चंदौली, संदीप बुडशाम आदि मौजूद रहे।

# जत्थेबंदियां जत्थेदार भूपिंदर सिंह असंद को सम्मानित करेगी



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**

**कुरूक्षेत्र** की सीख जथेबंदियो की गुरुद्वारा साहिब पातशाही शटी में मीटिंग हुए जिसमें फैसला लिया गया की हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के प्रधान जत्थेदार भूपिंदर सिंह असंध का दोपहर तीन बजे स्वागत किया जाएगा जिसमें कुरूक्षेत्र की सभी जत्थेबंदिया शामिल होंगी। सरदार कवलजीत सिंह अजराना ने बताया की गुरुद्वारा साहिब के कार्यों से प्रधान साहिब को अवगत कराया जाएगा। समुह संगत की ओर से मांगो को उनके सामने रखा जाएगा ।इस समय श्री सुखमणि साहिब सेवा सोसाइटी, गुरूद्वारा साहिब पातशाही छटी व गुरुद्वारा पोंटा साहिब, शब्द चौंकी सेवक जत्था, गुरूद्वारा सुंदरपुर, बंदा बहादर सेवक जत्था, गुरु तेग बहादुर सेवक जत्था, गुरू हर राय सेवक जत्था, साहिब जादा अजीत सिंह सेवक जत्था व अन्य जाथेबंदिया हाजिर रही।

# रैली की सफलता से जेजेपी कार्यकर्ताओं में उत्साह

## सीकर रैली से हुआ स्पष्टः राजस्थान विधानसभा चुनाव में जेजेपी की रहेगी अहम भूमिकाः जजपा

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**कमाल हुसैन**

**जजपा** प्रेस प्रवक्ता जयदेव नौल्था ने बताया पूर्व उपप्रधानमंत्री स्वर्गीय ताऊ देवीलाल की 110वीं जयंती पर सीकर में आयोजित किसान विजय सम्मान दिवस रैली की सफलता से जेजेपी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। जेजेपी जिला जिलाध्यक्ष सुरेंद्र धोला ने सीकर की अभूतपूर्व रैली के लिए जेजेपी कार्यकर्ताओं और रैली में पहुंचने वाले आमजन का आभार व्यक्त किया है। रैली रैली की अपार सफलता ने सिद्ध कर दिया किया कि जननायक चौधरी



देवीलाल की नीतियों को आगे ले जाने का काम प्रदेश के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला बखूबी कर रहे हैं।

गौरतलब है कि चौटाला परिवार जगत ताऊ के नाम से विख्यात चौधरी देवीलाल की जन्मजयंती हर वर्ष मनाता है परंतु विशेष बात यह है कि जननायक की जयंती पहली बार हरियाणा से इतर किसी दूसरे प्रदेश में मनाई गई। इस रैली की अपार सफलता से जेजेपी कार्यकर्ताओं का उत्साह चरम पर है।

जयदेव नौल्था ने कहा कि सीकर में उमड़ी भीड़ ने विरोधियों को करारा जवाब दिया है। उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने सीकर रैली में स्पष्ट किया है कि हरियाणा की तरह महिलाओं की राशन डिपों में 33 प्रतिशत हिस्सेदारी देने सहित तमाम वर्गों के कल्याण के लिए अनेक ऐतिहासिक कदम उठाए जाएंगे।

राजस्थान के युवाओं में रोजगार को लेकर उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने एक नई उम्मीद पैदा की है कि आने वाले राजस्थान विधानसभा चुनाव में जेजेपी अहम भूमिका अदा करेगी। उन्होंने कहा कि राजस्थान के हर गांव में डिजिटल लाइब्रेरी खोलने की योजना लागू करके शिक्षा को बढ़ावा देने की बात कहकर दुष्यंत चौटाला ने अपनी रचनात्मक सोच का परिचय दिया है।

# पुलिस अधीक्षक का जनता दरबार लगातार जारी, शिकायतों का किया जा रहा निपटारा

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**

पुलिस अधीक्षक कुरुक्षेत्र सुरेंद्र सिंह भोरिया का जनता दरबार लगाकर शिकायते सुनने का सिलसिला लगातार जारी है। पुलिस अधीक्षक ने शुक्रवार को अपने कार्यालय में जनता दरबार लगाकर आमजन की शिकायतें सुनी। पुलिस अधीक्षक ने शिकायत कर्ताओ को उनकी शिकायत का जल्द निवारण करने का आश्वासन दिया। शिकायतों को सम्बन्धित डीएसपी/थाना प्रभारी को भेजकर जल्द कारवाई करने के आदेश दिये गये।



जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस अधीक्षक कुरुक्षेत्र द्वारा हर रोज अपने कार्यालय मे आमजन की शिकायतें सुनी जाती हैं। मंगलवार को भी पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र सिंह भोरिया ने अपने कार्यालय में जनता दरबार लगाया। जनता दरबार में पुलिस अधीक्षक ने आमजन की शिकायतें सुनी तथा शिकायतों को संबन्धित डीएसपी/थाना प्रभारी को भेजकर तुरंत कारवाई करने के निर्देश दिये। एसपी ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि यदि आपके कस्बा/गांव/वार्ड में कोई नशे से जुडे कारोबार में शामिल है तो उसकी जानकारी पुलिस प्रशासन को दे। सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम गुप्त रखा जायेगा तथा उसे उचित ईनाम भी दिया जायेगा।

# खिदरपुरा के शिवम ने जीती जिला स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**

**जिला** स्तरीय स्कूल कुश्ती प्रतियोगिता में खिदरपुरा के शिवम ने बाजी मारी। गुरुनानक स्कूल में आयोजित कुश्ती प्रतियोगिता में राजकीय प्राथमिक पाठशाला के शिवम ने 20 किलोग्राम भार वर्ग में राजकीय प्राथमिक पाठशाला अंटेडी के शिवांश को पखटनी दी। जिला स्तरीय प्रतियोगिता जीतने के बाद शिवम ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई कर लिया है। विद्यालय में पहुंचने पर विद्यालय स्टाफ शिवम का फूल-मालाओं के साथ स्वागत किया। मुख्य शिक्षक



सुरजीत सिंह ने बताया कि विद्यालय में विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ खेलों का भी अभ्यास कराया जाता है, ताकि उनका सर्वांगीण विकास हो सके। शिवम ने खंड स्तर के बाद अब जिला स्तरीय स्कूल कुश्ती प्रतियोगिता में पहला स्थान हासिल किया है। इससे दूसरे विद्यार्थियों का भी खेलों के प्रति रुझान बढ़ेगा। उन्होंने बताया कि अब शिवम राज्य स्तरीय प्रतियोगिता की तैयारियों में जुट गया है। सुबह-सायं स्कूल परिसर के खेल मैदान में ही अभ्यास कर रहा है। जिला स्तर पर प्रथम स्थान हासिल करने के बाद वह पूरी लगन के साथ तैयारी में जुटा हुआ है, उम्मीद है कि वह राज्य स्तर पर भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाएगा।जिले में पहला स्थान हासिल करने पर स्कूल स्टाफ द्वारा शिवम को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर पीटीआई सुशील कुमार, कोच सुनील, डीपीई सुरेंद्र प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# मां शाकुम्बरी सेवा मण्डल मनाएगा स्थापना दिवस

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**मां** शाकुम्बरी सेवा मण्डल पानीपत संस्था की बस सेवा को पांच वर्ष पूरे होने पर 28 सितम्बर को बस रवाना करने से पूर्व केक काटकर व सभी सदस्यों का मान-सम्मान करके स्थापना दिवस मनाया जाएगा। यह जानकारी देते हुए संस्था के प्रधान महेन्द्र गोयल ने बताया कि उनकी संस्था ने 22 सितम्बर 2018 को चौदस से पानीपत से मां शाकुम्बरी के लिए फ्री बस सेवा शुरू की थी। जिसके अब पांच वर्ष पूरे हो चुके हैं। इस दौरान हर महीने की चौदस को बस मां शाकुम्बरी भेजी गई। बस का सारा खर्च संस्था स्वयं वहन करती है। भविष्य में भी बस सेवा जारी रहेगी। इस बार चौदस 28 सितम्बर को है इसी दिन बस को मां शाकुम्बरी के लिए रवाना किया जाएगा। इस दौरान केक काटकर व संस्था के सदस्यों का सम्मान करके स्थापना दिवस मनाया जाएगा।

# किसानों व आढ़तियों की समस्याओं को जाना

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**

**पानीपत** अनाज मंडी एसोसिएशन के प्रधान धर्मवीर मलिक ने जिले की मंडियों में पीआर जीरी की खरीद ना होने को लेकर के किसानों व आढ़तियों से भी उनकी समस्याओं को लेकर के विचार विमर्श किया। प्रधान धर्मवीर मलिक ने बताया कि जिले की किसी भी मंडी के अंदर पीआर जीरी की खरीद शुरू नहीं हुई है। जबकि सरकार ने 25 सितंबर का दिन पीआर जीरी की खरीद करने की घोषणा की थी। सरकार द्वारा आश्वासन दिए जाने पर किसान मंडियों में अपनी पीआर की धान को लेकर के पहुंचे थे। जबकि कोई भी अधिकारी मंडी में जीरी की खरीद करने के लिए नहीं पहुंचा।



इसके अलावा रात के समय में मंडियों में लाइटों की व्यवस्था नहीं है और ना ही मंडी के अंदर सफाई की व्यवस्था है।

अगर मंडी के अंदर 30 मिनट भी बारिश हो जाती है तो पूरी मंडी पानी से भर जाती है। अनाज मंडी एसोसिएशन के प्रधान धर्मवीर मलिक ने सरकार से अनुरोध किया है कि वह किसानों की फसल को जल्द से जल्द खरीदें क्योंकि मौसम की मार हर समय किसान को सताती रहती है। धर्मबीर मलिक ने कहा कि किसानों एवं आड़तियों ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार को याद करते हुए कहा कि वह दिन कितने अच्छे थे जब किसानों की हर बात को प्रथम स्थान दिया जाता था क्योंकि उनका मानना था कि जब तक अन्नदाता खुश है संसार का हर प्राणी खुश है।

# नगर में निकाली गई श्री वामन भगवान की भव्य शोभायात्रा

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरूक्षेत्र (दलबीर मलिक) श्री वामन** भगवान की भव्य शोभायात्रा मंगलवार को बैंड बाजों के साथ दुखभंजन महादेव मंदिर से प्रारंभ हुई। गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज, श्री जयराम संस्थाओं के अध्यक्ष ब्रह्मचारी ब्रह्मस्वरूप तथा स्थाणेश्वर महादेव मंदिर के महंत बंशीपुरी महाराज के सानिध्य में पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा ने हरी झंड़ी दिखाकर शोभा यात्रा को रवाना किया। इस कार्यक्रम में इंप्रुवमेंट ट्रस्ट के पूर्व अध्यक्ष जलेश शर्मा ने विशिष्ट अतिथि तथा समाजसेवी ओमप्रकाश पलवल ने मुख्य यजमान के रूप में भाग लिया। सबसे पहले मंदिर में वामन भगवान की पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर केडीबी के मानद



सचिव उपेंद्र सिंगला, सभा के मुख्य सलाहकार जय नारायण शर्मा, नगर पालिका पिहोवा के चेयरमैन आशीष चक्रपाणि, सभा के प्रधान श्याम सुंदर तिवारी, प्रधान महासचिव रामपाल शर्मा के नेतृत्व में गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद, ब्रह्मचारी ब्रह्मस्वरूप, महंत बंसीपुरी, शोभा यात्रा के मुख्य अतिथि अशोक अरोड़ा, विशिष्ट अतिथि जलेश शर्मा तथा मुख्य यजमान ओमप्रकाश पलवल को वामन भगवान का चित्र भेंट कर सम्मानित किया। तत्पश्चात तीनों संतो और पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा सहित अन्य अतिथियों ने वामन भगवान की पालकी को कंधे पर उठाया और शोभा यात्रा में शामिल किया। पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा ने संतो के सानिध्य में इस यात्रा का शुभारंभ किया।

शोभायात्रा में भारी संख्या में श्रद्धालु धार्मिक भजनों की धुन पर थिरकते नजर आए। विभिन्न झांकियां लोगों के आकर्षण का केंद्र रही। श्री ब्राह्मण एवं तीर्थोद्धार सभा द्वारा नगर की विभिन्न धार्मिक और सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से आयोजित इस यात्रा में राधा कृष्ण व हनुमान जी सहित अनेक मनमोहक झांकियां शामिल थी। श्री कृष्ण कृपा परिवार तथा जीओ गीता की राधा कृष्ण की झांकी आकर्षण का केंद्र थी। इसके अलावा श्री साईं शिरडी सेवा संघ, शिव शक्ति सेवा मंडल तथा खाटू श्याम की झांकियां शोभायात्रा में शामिल रहीं।

# सुखबीर मलिक ने पानीपत ग्रामीण विधानसभा के गांव ददलाना में डोर टू डोर कैंपेन किया

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**

**आम आदमी पार्टी** संयोजक एवं दिल्ली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आदेश अनुसार हरियाणा में सरकार बनाने के लिए हरियाणा में परिवार जोड़ो अभियान की शुरूआत की गई है। आम आदमी पार्टी के प्रदेश ज्वाइंट सेक्रेटरी सुखबीर मलिक ने पानीपत ग्रामीण विधानसभा के गांव ददलाना में डोर टू डोर कैंपेन किया। हल्का पदाधिकारियों के साथ मिलकर घर-घर जाकर आम आदमी पार्टी की नीतियों पर बारीकी से चर्चा की। चर्चा हर



घर में बिजली, हर घर शिक्षा और हर घर में स्वस्थ्य परिवार पर रही। ।सुखबीर मलिक ने कहा कि मूलभूत सुविधाएं सभी के लिए अनिवार्य होनी चाहिए। गांव ददलाना की जनता में अद्भुत उत्साह दिखा। सुखबीर मलिक ने बताया ग्रामीण खुद दिल्ली और पंजाब के बारे में चर्चा करते दिखे। ग्रामीणों का मानना हैकि हर घर में बिजली, शिक्षा और स्वास्थ्य उनका अधिकार है। सुखबीर मलिक ने दावा किया कि 2024 में आम आदमी पार्टी की सरकार आना पूरी तरह स्पष्ट दिख रहा है।

## पहले दिन डीएफएससी एजेंसी ने 1137 क्विंटल धान खरीदा

# अनाज मंडी में धान की खरीद शुरू होने से किसानों को मिली राहत

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

**शहर** की नई अनाज मंडी में कल से धान खरीद शुरू हो गई है। गत दिवस पहले दिन डीएफएससी एजेंसी ने 1137 क्विंटल धान खरीदा। डीएफएससी एजेंसी की तरफ से इंस्पेक्टर मिनाक्षी व उनका स्टाफ पहुंचा था। उन्होंने धान की ढेरी का जायजा लिया और इसके बाद खरीद की। मंडी में अभी तक 19 हजार 900 क्विंटल धान आ चुका है। गत दिवस 4510 क्विंटल धान मंडी में पहुंचा था। पिछले कई दिनों से नई अनाज मंडी शहर में धान आ रहा है। धान

**खरीद शुरू**

**8 धान की ढेरी का जायजा लिया और इसके बाद खरीद की। मंडी में अभी तक 19 हजार 900 क्विंटल धान आ चुका है**

में नमी के चलते किसान फसल को सूखा रहे थे और अब खरीद शुरू हुई है। इस मौके पर मार्केट कमेटी की तरफ से गुरदास सिंह भी मौजूद रहे।

दरअसल, जुलाई माह में आई बाढ़ के कारण कई जगहों पर धान की



फसल को दोबारा लगाया गया है। इस वजह से उन एरिया में इस बार धान की फसल पकने में थोड़ा समय लेगी। नग्गल क्षेत्र में बाढ़ की वजह से किसानों का ज्यादा नुकसान हुआ था। खेतों में धान की खड़ी फसल बरसाती पानी में कई दिनों तक डूबी रही थी और किसानों ने दोबारा धान की फसल की रोपाई की थी। वहीं 15 सितंबर के बाद से ही मौसम में नमी चल रही है, जिसका असर खेतों में धान के पकने पर भी होगा। फिलहाल भी मंडी में अनुमान से कम धान पहुंचा है। जिसका मुख्य कारण हाल ही में हुई बरसात है। जिसके कारण धान में नमी आ गई है। गौरतलब है कि सरकार की ओर से 20 सितंबर से धान की खरीद होनी थी। लेकिन सुस्त प्रणाली के चलते खरीद 5 दिन बाद शुरू हुई है।

किसानों का कहना है कि बरसात के कारण अभी भी धान में नमी है। जिसके कारण धान की आवक में कमी आ रही है। लेकिन मौसम साफ रहा तो धान की आवक बढ़ने की उम्मीद बनी हुई है। इसी के चलते कल डीसी ने अधिकारियों के साथ बैठक भी ली थी जिसमें अधिकारियों को निर्देश भी दिये थे।

# दिल्ली सरकार प्रदूषण पर सख्त

## इस बार प्रदूषण को कम करने के लिए हॉटस्पॉट पर विशेष निगरानी की जाएगी और 13 हॉटस्पॉट के लिए अलग-अलग कार्ययोजना बनाई जाएगी

**प्लान तैयार**

**8 प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिए दिल्ली सरकार 15 फोकस बिंदुओं पर विंटर एक्शन प्लान बना रही**





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने मंगलवार को बताया कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल 29 सितम्बर को विंटर एक्शन प्लान की घोषणा करेंगे। उन्होंने कहा कि सर्दियों में होने वाली प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिए दिल्ली सरकार 15 फोकस बिंदुओं पर विंटर एक्शन प्लान बना रही है। इसके लिए दिल्ली सचिवालय में संबंधित 28 विभागों के साथ 14 सितंबर को संयुक्त बैठक की गई। बैठक में पर्यावरण विभाग, डीपीसीसी, विकास विभाग, दिल्ली कैंटोनमेंट बोर्ड, सीपीडब्लूडी, डीडीए, दिल्ली पुलिस, डीटीसी, राजस्व विभाग, डीएसआईआईडीसी , शिक्षा विभाग , डीएमआरसी , पीडब्लूडी , ट्रांसपोर्ट विभाग, एनएचएआई, दिल्ली जल बोर्ड, डूसिब और एनडीएमसी आदि विभागों के अधिकारी शामिल थे। सभी विभागों को 25 सितम्बर तक पर्यावरण विभाग को विंटर एक्शन प्लान के तहत विस्तृत कार्ययोजना सौंपने के निर्देश दिए गए थे।

गोपाल राय ने बताया कि सुझावों एवं रिपोर्ट के आधार पर विंटर एक्शन प्लान तैयार किया जा रहा है। इस विंटर एक्शन प्लान को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल 29 सितंबर को दिल्ली के लोगों के सामने रखेंगे। उसके बाद सभी विभागों के साथ सर्दियों में होने वाले प्रदूषण को कम करने के लिए काम करेंगे। गोपाल राय ने आगे कहा कि सभी निर्माण कार्य सें संबंधित एजेंसियों को धूल प्रदूषण से संबंधित नियमों का कड़ाई से पालन करने का निर्देश दिया गया है। पिछली बार निर्माण कार्य से जुड़ी सभी एजेंसियों के साथ मिलकर धूल प्रदूषण को कम करने के लिए काम किया था। इस बार भी हम सभी एजेंसियों से अपील करते हैं कि धूल प्रदूषण से संबंधित नियमों का कड़ाई से पालन करें। निर्माण कार्य से संबंधित जो एजेंसी नियमों का पालन नहीं करेंगी, उन पर कार्रवाई की जाएगी।

### धूल प्रदूषण रोकने को लेकर सरकारी और निजी निर्मा एजेंसियों को 14 सूत्रीय दिशा-निर्देश

1. निर्माण स्थल के चारों ओर उचित ऊंचाई पर टीन की दीवार खड़ी करनी होगी और निर्माण स्थल चारों तरफ से ढका होना चाहिए
2. 5 हजार वर्गमीटर से लेकर उससे अधिक के एरिया के निर्माण साइट पर एंटी स्मॉग गन लगाना अनिवार्य है
3. ध्वस्तीकरण या निर्माण का कार्य होने पर उसे तिरपाल या ग्रीन नेट से ढकना अनिवार्य होगा
4. निर्माण स्थल तक निर्माण सामग्री को लाने-ले जाने वाले वाहनों की सफाई करना अनिवार्य होगा
5. निर्माण सामग्री ले जा रहे वाहनों को पूरी तरह से ढकना होगा और इस बात का ध्यान रखना होगा कि रास्ते में वह न गिरे
6. निर्माण सामग्री और ध्वस्तीकरण के अवशिष्ट को केवल आवंटित क्षेत्र के अंदर संग्रहित करना होगा और निर्माण सामग्री या अवशिष्ट का सड़क के किनारे भंडारण पर प्रतिबंध रहेगा
7. मिट्टी या बालू को बिना ढके नहीं रखा जाएगा।
8. निर्माण कार्य में जो पत्थरों की कटिंग की जाती है, वह खुले में नहीं होगी
9. निर्माण स्थल पर धूल से बचाव के लिए लगातार पानी का छिड़काव करना अनिवार्य है
10. बड़े निर्माण स्थल (20 हजार वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्र) में निर्माण और ध्वस्तीकरण स्थल पर जाने के लिए सड़क पक्की हो

# प्रॉपर्टी विवाद में युवक की चाकू घोंपकर हत्या




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
उत्तर-पूर्वी दिल्ली में प्रॉपर्टी विवाद में एक महिला ने अपने छोटे भाई के सीने में चाकू घोप दिया। हमले के बाद महिला भाई को जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गई। गंभीर हालत में पीड़ित अशोक कुमार (28) को जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने अशोक का बयान लेकर चाकू मारने और जानलेवा धमकी देने का केस दर्ज किया गया है। पुलिस परिजनों से पूछताछ कर मामले की छानबीन में जुटी है। शुरूआती जांच में पता चला कि पिता के मकान को लेकर बहन-भाई के बीच विवाद है। इसी झगड़े में अशोक को चाकू मारा गया।

**आरोपी फरार**

**8 महिला ने अपने छोटे भाई के सीने में चाकू घोप दिया। महिला जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गई**

# युवक की हत्या की गुत्थी सुलझी, एक गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**उत्तर पूर्वी** दिल्ली के करावल नगर इलाके से 22 साल के युवक के अपहरण और हत्या की गुत्थी को पुलिस ने सुलझा लिया है। दो दोस्तों ने मिलकर हत्या को अंजाम दिया है। पुलिस ने इस मामले में शामिल एक आरोपित सचिन को गिरफ्तार कर लिया है। उसकी निशानदेही पर शव बेहटा हाजीपुर रेलवे स्टेशन के पास झाड़ियों से बरामद किया गया है। फिलहाल दूसरा आरोपित फरार है। डीसीपी जॉय टिर्की ने मंगलवार सुबह बताया कि करावल नगर थाना क्षेत्र के जोहरीपुर कर्दमपुरी फॉर्म में रहने वाली एक युवती ने 20 सितंबर करावल नगर थाने में शिकायत दर्ज कराई कि उसका भाई नितिन 19 सितंबर शाम 5:30 बजे से गायब है। 20 सितंबर को सुबह तकरीबन 10:23 बजे उसके व्हाट्सएप नंबर पर फिरौती की कॉल आयी है। उन्होंने बताया कि युवती की शिकायत पर अपहरण का केस दर्ज कर जांच शुरू की गई। कॉल किए गए नंबर का डिटेल खंगाल गया और टेक्निकल सर्विलांस के आधार पर राजस्थान से सचिन नाम के युवक को गिरफ्तार कर लिया गया। सचिन ने पूछताछ में बताया कि उसने अपने साथी अरुण के साथ मिलकर नितिन की चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी। शव को दिल्ली से सटे बेहटा हाजीपुर रेलवे स्टेशन के पास झाड़ियों में छुपा दिया। आरोपित सचिन करावल नगर में एक बर्तन की दुकान पर सेल्समैन का काम करता है। वह नितिन को 2018 से जानता था। पुलिस के मुताबिक, लगभग 15 दिन पहले उसने अरुण के साथ मिलकर अपहरण करने और 2 लाख रुपये की फिरौती मांगने की योजना बनाई थी। नितिन के नाम पर करावल नगर में एक मकान था। उन्होंने सोचा कि उसका परिवार उन्हें आसानी से फिरौती की राशि का भुगतान कर सकता है।

**कातिल दोस्त**

**8 दो दोस्तों ने मिलकर हत्या को अंजाम दिया है। एक आरोपित सचिन को गिरफ्तार कर लिया**

# दहेज उत्पीड़नः आरोपी का पक्ष लेने वाले पुलिस अधिकारियों पर एक्शन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**एक महिला द्वारा** दर्ज कराए दहेज उत्पीड़न मामले में आनन-फानन में आरोप पत्र दाखिल करने और आरोपी का पक्ष लेने के मामले में साउथ वेस्ट दिल्ली पुलिस के दो अधिकारियों गाज गिरी है। विभाग ने साउथ वेस्ट दिल्ली के वसंत कुंज के एसीपी अजय वेदवाल और वसंत कुंज नॉर्थ थाने के एसएचओ सूर्य प्रकाश को थर्ड बटालियन में ट्रांसफर कर दिया है। साथ ही दोनों अधिकारियों को तत्काल नई ऑर्डर करने के निर्देश दिए हैं। सूत्रों की मानें तो दोनों अधिकारियों पर एक महिला की शिकायत पर एक्शन न लेने के चलते गाज गिरी है।

# ऑनलाइन ठगी करने वाले इंटरनेशनल गिरोह के पांच बदमाश गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सेंट्रल दिल्ली के साइबर थाना पुलिस ने इंटर**नेशनल ठग गिरोह का पर्दाफाश कर पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। सभी भोले-भाले लोगों को हाई रिटर्न का झांसा देकर करोड़ों का चूना लगाते थे। गिरफ्तार सभी आरोपित कोई मामूली ठग नहीं हैं। इनमें इंजीनियरिंग और बीटेक पास भी हैं। इनमें से एक यूपीएससी की तैयारी भी कर रहा था। पुलिस ने इनके पास से 25 मोबाइल, 31 सिम कार्ड, पैन कार्ड, आधार कार्ड, पासबुक, चेकबुक बरामद किये हैं। ठगी के पैसे से खरीदी गई होंडा सिटी कार और महंगे सामान भी बरामद किए गए हैं। जांच में यह पता चला है कि गिरफ्तार सभी ठग दुबई और फिलीपींस में मौजूद इंटरनेशनल ठगी गिरोह का हिस्सा हैं, जो उनके इशारे पर इंडिया में काम कर रहे थे। उनका संपर्क दूसरे और देशों में भी हो सकता है। गिरफ्तार आरोपित अपने द्वारा खोले गए बैंक अकाउंट को कमीशन बेसिस पर भी आगे देते थे। पुलिस ने इनके अकाउंट में मौजूद 1 करोड़ 25 लाख की रकम को फ्रीज कर दिया है।
एडिशनल डीसीपी सचिन शर्मा ने बताया, "आशीष अग्रवाल नाम के सख्स ने नेशनल साइबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी। पीड़ित ने बताया था कि उनके पास काफी सारे व्हाट्सएप पर मैसेज आए और उन्हें टेलीग्राम एप पर इन्वेस्ट करने के लिए लालच दिया गया। जिसके बदले हाई रिटर्न की बात कही गई थी, पहले 1000 इन्वेस्ट करके 1100 रिटर्न देने का लालच दिया गया। उसके बाद फिर 10000 इन्वेस्ट करने पर 12000 रिटर्न दिया गया। धीरे-धीरे करके फिर अमाउंट बढ़ता चला गया और उसने 30 लाख रुपये हाई रिटर्न के चक्कर में गवां दिए।" पुलिस टीम ने टेक्निकल सर्विलांस, बैंक अकाउंट की डिटेल और मोबाइल नंबर के टेक्निकल जांच के आधार पर पता लगाते हुए इस फर्जीवाड़े का खुलासा किया है। आरोपितों ने ठगी का अमाउंट 25 अलग-अलग बैंक अकाउंट में जमा किया था। जिसके बाद उस रकम को फिर दूसरे अकाउंट में ट्रांसफर कर दिया गया था। जांच में पुलिस को पता चला कि उनका करंट अकाउंट यस बैंक में था, जो कि एक फर्जी कंपनी के नाम पर खुला हुआ था। सुहेल अकरम नाम के शख्स ने खोला था। उसके साथ गौरव शर्मा नाम का सख्स भी काम करता था।

**शिकंजा**

**8 गिरफ्तार सभी आरोपित कोई मामूली ठग नहीं हैं। इनमें इंजीनियरिंग और बीटेक पास भी हैं**



रोजगार मेले में केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह युवती को नियुक्ति पत्र सौंपते हुए।

# कार्रवाई से बौखलाए खालिस्तानी आतंकी

## पंजाब और दिल्ली पुलिस पर हो सकता है हमला, इनपुट मिलने के बाद अलर्ट



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
भारतीय सुरक्षा एजेंसियों की कार्रवाई से खालिस्तानी आतंकी बौखलाए हुए हैं। इस कार्रवाई को लेकर खालिस्तानी आतंकी पंजाब और दिल्ली पुलिस पर हमला कर सकते हैं। इनपुट मिलने के बाद दिल्ली पुलिस अलर्ट हो गई है। इसके साथ ही सुरक्षा बढ़ा दी गई है।
**कनाडा में छिपे आतंकियों-गैंगस्टरों की आई शामतः** कनाडा में छिपे खालिस्तान समर्थक आतंकियों और पंजाब के गैंगस्टरों का नेटवर्क तोड़ने के लिए पंजाब पुलिस व केंद्रीय एजेंसियों ने कार्रवाई तेज कर दी है। कनाडा के ताजा प्रकरण के बाद पंजाब में दो दिन से गैंगस्टरों-आतंकियों समेत उनके मददगारों के ठिकानों पर छापे मारे जा रहे हैं। पंजाब पुलिस के साथ एनआईए समेत केंद्रीय एजेंसियां इस ऑपरेशन में शामिल हैं। पंजाब में ऐसे 37 ठिकानों पर छापे मारे गए। छापों में हथियारों के अलावा विदेश से मोटी रकम ट्रांसफर होने के भी कई दस्तावेज बरामद किए गए हैं। करीब 30 संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है। इनसे एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) पूछताछ कर रही है। पिछले 48 घंटों में गैंगस्टर गोल्डी बराड़ व गैंगस्टरों-आतंकियों के मददगारों के करीब 1200 ठिकानों को खंगाला गया है। एजेंसियों की निगाहें उन लोगों पर हैं, जो किसी न किसी रूप विदेश में छिपे आतंकियों व गैंगस्टरों की मदद कर रहे हैं। पुलिस ने ऐसे लोगों का रिकॉर्ड जुटा लिया है। गैंगस्टर गोल्डी बराड़ कनाडा से अपना नेटवर्क चला रहा है। पुलिस का मानना है कि कोरोना काल में आतंकियों और गैंगस्टरों ने सोशल मीडिया के माध्यम से पंजाब के युवाओं को बड़े-बड़े सपने दिखाकर साथ जोड़ा।
कनाडा में बैठे आतंकी और गैंगस्टर नाबालिगों और कॉलेज-यूनिवर्सिटी में पढ़ रहे छात्रों में बरगला रहे हैं।

### पाकिस्तान में छिपे आतंकी करणवीर सिंह के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस

**खालिस्तानी** आतंकियों के खिलाफ अब इंटरपोल ने भी कार्रवाई शुरू कर दी है। पाकिस्तान में छिपे आतंकी करणवीर सिंह के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया है। सूत्रों के मुताबिक वह पाकिस्तान में छिपे आतंकी वाधवा सिंह और हरविंदर सिंह का करीब है। उनके इशारे पर ही काम करता है। साथ ही भारत विरोधी गतिविधियों में उसकी भूमिका अहम रहती है। उसे दोनों आंतकियों का राइट हैंड माना जाता है। जानकारी के मुताबिक करनवीर मूलरूप से कपूरथला का रहने वाला है। उस पर आपराधिक साजिश रचने, हत्या, आतंकी गतिविधियों के लिए धन जुटाने, आर्म्स एक्ट, आतंकी गिरोह के संगठन का सदस्य होना समेत कई आरोप है।

# 'छात्रों के शिक्षा, सम्मान के अधिकार को खत्म नहीं कर सकते विवि'



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली उच्च** न्यायालय ने कहा है कि स्व-नियमन के लिए विश्वविद्यालयों (विवि) का अध्यादेश किसी छात्र के शिक्षा के अधिकार और मानवीय गरिमा के साथ जीवन जीने के अधिकार को खत्म नहीं कर सकता। अदालत ने कहा कि विश्वविद्यालयों को उन मामलों में निर्णय लेते समय कठोर नहीं होना चाहिए, जहां छात्रों द्वारा प्रवासन की मांग के लिए ठोस कारण बताए गए हों। न्यायमूर्ति पुरुषइंद्र कुमार कौरव ने गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय से संबद्ध दो अलग-अलग कॉलेजों में पढ़ने वाले दो छात्रों द्वारा इंटर कॉलेज माइग्रेशन की मांग करने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की। महाराजा सूरजमल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से बीबीए कर रही एक छात्रा ने इस आधार पर स्थानांतरण की मांग की कि कॉलेज उसके निवास से 30 किलोमीटर से अधिक दूर है और उसे कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि उसे धूल, जानवरों के बालों व पराग से एलर्जी है। संशोधित, एक इंट्रा और इंटर यूनिवर्सिटी प्रवासन के संबंध में पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। जस्टिस कौरव ने कहा कि प्रथम दृष्टया पूर्ण प्रतिबंध लगता है। दूसरा छात्र अग्रसेन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज में पढ़ रहा है और पहले वाले की मदद करने के लिए संस्थानों के आदान-प्रदान के लिए तुरंत सहमत हो गया।

# घरों में सेंधमारी करने के आरोप में महिला गिरफ्तार

**नई दिल्लीः** घरों में से घुसकर सेंधमारी करने के आरोप में एक महिला को नजफगढ़ थाने की पुलिस टीम ने गिरफ्तार किया है। उसके पास से गोल्ड ज्वैलरी बरामद की गई है। इसकी पहचान बॉबी के रूप में हुई है और उससे चोरी का सामान खरीदने वाले ज्वेलर्स की पहचान नदीम सैफी के रूप में हुई है। ये दोनों प्रेम विहार और सेवक पार्क दिल्ली के रहने वाले हैं।

# 'गांधी जी के महत्व को उनकी तस्वीर के आकार से नहीं आंकना चाहिए'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**वरिष्ठ** भाजपा नेता विजय गोयल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बड़ी तस्वीर के साथ महात्मा गांधी की तस्वीर का उपयोग करने पर सवाल उठाने वाले कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा पर निशाना साधा। विजय गोयल ने कहा कि राष्ट्रपिता के महत्व को उनकी तस्वीर के आकार से नहीं मापा जाना चाहिए। कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा ने एक यूजर द्वारा दिल्ली के गांधी स्मृति में लगे एक पोस्टर की फोटो को एक्स (पहले ट्विटर) पर शेयर करते हुए लिखा था, महात्मा गांधी जी की तस्वीर का आकार छोटा होते देखकर बहुत दुख हुआ। पीएम मोदी की बड़ी तस्वीर के साथ गांधी जी द्वारा कही बातों को दोहराने का उद्देश्य क्या है? उनके इस ट्वीट का जवाब देते हुए भाजपा नेता विजय गोयल ने कहा कि सैम पित्रोदा आप गांधी की महत्ता को उनकी फोटो के साईज से नापेंगे, आपसे ऐसी उम्मीद नहीं थी।

**जवाब दिया**

**8 विजय गोयल ने कहा कि राष्ट्रपिता के महत्व को उनकी तस्वीर के आकार से नहीं मापा जाना चाहिए**

**हादसा** टक्कर मारने के बाद कार स्कूटी को काफी दूर तक घसीटती ले गई। कार एक बिजली के खंभे से टकराने के बाद रुक गई, टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बिजली का खंभा उखड़ गया

# स्कॉर्पियो चालक ने मां-बेटे समेत तीन को कुचला, बुजुर्ग की मौत

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**विजय विहार इलाके** में शराब के नशे में धुत स्कॉर्पियो चालक ने स्कूटी सवार मां-बेटे और एक बुजुर्ग को कुचल दिया। हादसे में बुजुर्ग की मौत हो गई, वहीं मां-बेटे की हालत गंभीर बनी हुई है। टक्कर मारने के बाद कार स्कूटी को काफी दूर तक घसीटती ले गई। कार एक बिजली के खंभे से टकराने के बाद रुक गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बिजली का खंभा उखड़ गया। स्थानीय लोगों ने चालक को पकड़ कर उसकी पिटाई करने के बाद पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने से हुई मौत का मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। मृत बुजुर्ग की शिनाख्त यूनुस (70) के रूप में हुई है। वह विजय विहार इलाके में सपरिवार रहते थे। वहीं घायल मां-बेटे की पहचान बुध विहार फेज एक निवासी सुमायनी (65) और कमल के रूप में हुई है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि घटना सुबह छह बजे रोहिणी सेक्टर एक इलाके में हुई। यूनुस सुबह में नमाज पढ़ने के बाद पैदल ही अपने घर की ओर जा रहे थे। जबकि मां-बेटे किसी काम के लिए घर से स्कूटी से निकले थे। कार चालक बुध विहार फेस दो निवासी ऋषभ की लोगों ने पकड़ने के बाद पिटाई कर दी थी।
पुलिस ने चालक को हिरासत में ले लिया। वह शराब के नशे में था। पुलिस अधिकारी ने बताया कि ऋषभ पीतमपुरा स्थित एक बार में नौकरी करता है। पुलिस ने बताया कि घटना के समय ऋषभ नशे में था और कार की रफ्तार काफी तेज थी।

**दर्दनाक**

**8 नशे में धुत स्कॉर्पियो चालक ने स्कूटी सवार मां-बेटे और एक बुजुर्ग को कुचल दिया**




### ट्रक की टक्कर से ट्रांसपोर्ट मैनेजर की मौत, हेल्पर घायल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**नजफगढ़** एक्सप्रेस-वे पर टायर पंचर होने की वजह से खड़े एक ट्रक में पीछे से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में टायर लगवा रहे ट्रांसपोर्ट कंपनी के मैनेजर की मौत हो गई वहीं हेल्पर गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां हेल्पर का इलाज चल रहा है। आरोपी चालक ट्रक को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। मृतक की पहचान अरुण कुमार के रूप में हुई। वह परिवार के साथ झज्जर, हरियाणा में रहते थे।

## न्यूज फ्लैश

### शहर की पानी निकासी दे रही जवाब, अधिकारी दौरे पर

**खरखौदा/सोनीपत-सोमपाल सैनी**
**खरखौदा में** मंगलवार को सोनीपत नगर निगम आयुक्त विश्राम कुमार मीणा व खरखौदा एसडीएम डॉ अनमोल ने शहर का दौरा किया। इस दौरान अधिकारियों के साथ पानी निकासी की व्यवस्था को जाना और इसके समाधान के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि जिसकी जो जिम्मेदारी है उसे पूरी निष्ठा के साथ निभाने का काम करें, एक दूसरे पर जिम्मेदारी टालने का काम किसी भी विभाग का अधिकारी ना करे। आपको बता दे कि नगर निगम आयुक्त ने मंगलवार को खरखौदा का दौरा करते हुए पानी निकासी की व्यवस्था करने के साथ ही बनने वाली मुख्य सड़क के हिस्से, नालों की सफाई को लेकर स्थिति को जाना। इस दौरान शहर वासी भी मौके पर एकत्रित हो गए और उन्होंने सीवर लाइन के ब्लाक होने, नालों का लेवल नहीं होने, पानी निकासी ना होने से हो रही परेशानी उनके समक्ष रखते हुए समस्या के समाधान की मांग की। इस दौरान निगमायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने शहर की समस्या को बारिकी से जानने के बाद कहा कि पानी निकासी की यह जो समस्या बनी हुई है उसका स्थायी किया जाए। जिसमें लोक निर्माण विभाग द्वारा बाईपास दिल्ली चौक से शिव चौक के पास तक छह सौ मीटर सीमेंटेड सड़क व नाला निर्माण, सांपला मार्ग पर बाईपास तक छह सौ मीटर सीमेंटेड सड़क व नाला निर्माण करवाया जाएगा। जन स्वास्थ्य विभाग अमृत-2 के तहत पानी निकासी की व्यवस्था करेगा और नगरपालिका नालों की सफाई करने का काम करेगी। निगमायुक्त का कहना है कि खरखौदा की पानी निकासी की समस्या गंभीर है। ग्रिवेंसिस कमेटी की बैठक में भी मुद्दा उठ चुका है। ऐसे में अधिकारी के साथ मिलकर इस पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि समस्या को जड़ से खत्म किया जा सके। आदेश दिए गए हैं कि जहां पर लेवलिंग की जरूरत है वहां पर मशीनों से लेवल कर स्थायी समाधान की ओर बढ़ा जाए। इस दौरान नपा सचिव विनय कुमार, एसडीओ अनिल कुमार, एसडीओ अनिल चहल, एसडीओ सुदेश कुमारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### वी पेश करते हैं वी ऐप पर अनूठा ऑफर रीचार्ज एण्ड फ्लाय!

**गुरुग्राम।** त्योहारों के सीजन में खुशियों को और अधिक बढ़ाते हुए जाने-माने दूर संचार सेवा प्रदाता वी ने आज ईज माय ट्रिप के सहयोग से अपने प्रीपेड उपभोक्ताओं के लिए स्पेशल सेलेब्रेटरी ऑफर रीचार्ज एण्ड फ्लाय की घोषणा की है। इस प्रस्ताव के तहत 26 से 30 सितम्बर 2023 के बीच वी ऐप के जरिए रीचार्ज करने वाले वी के उपभोक्ताओं को हर घण्टे रु 5000 तक कीमत की एक मुफ्त डोमेस्टिक फ्लाईट टिकट जीतने का मौका मिलेगा, वैकल्पिक रूप से यूजर ज्यादा कीमत की फ्लाईट टिकट बुक कर रु 5000 का डिस्काउन्ट पा सकते हैं। साथ ही 5 दिनों की ऑफर की अवधि के दौरान उपभोक्ता इंटरनेट का अधिक लाभ उठा सकेंगे क्योंकि वी लेकर आए हैं वी ऐप के जरिए चुनिंदा रीचार्ज करने पर बिना किसी अतिरिक्त लागत के 50 जीबी तक डेटा के फायदे। इसके अलावा के वी के यूजर अन्य रिवॉर्ड्स के साथ-साथ फ्लाईट टिकट पर ईज माय ट्रिप द्वारा रु 400 तक के स्पेशल डिस्काउन्ट कूपन भी जीत सकते हैं। वी ऐप के जरिए जितने ज्यादा रीचार्ज किए जाएंगे, उतना ही फ्लाईट टिकट और अतिरिक्त डेटा जीतने की संभावना बढ़ती चली जाएगी। उपरोक्त ऑफर एक्सक्लुजिव रूप से वी ऐप पर उपलब्ध हैं।

### वर्ल्ड हार्ट डे-पोषण सप्लीमेंट के साथ अपने हृदय स्वास्थ्य को नियंत्रित करें

**गुरुग्राम।** वर्ल्ड हार्ट डे पर, गतिहीन जीवन शैली, तंबाकू, आहार पैटर्न में बदलाव और समय पर निदान की कमी के कारण भारत में हृदय रोगों की बढ़ती चुनौतियों के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाना महत्वपूर्ण है। डब्ल्यूएचओ की एक रिपोर्ट के अनुसार, वैश्विक स्तर पर दिल के दौरे से होने वाली 17.9 मिलियन मौतों में से लगभग पांचवां हिस्सा भारत का है। जबकि हृदय रोग के लिए उम्र, लिंग और आनुवंशिकी सहित कई जोखिम कारक हैं, लोग अपने जोखिम को कम करने के लिए कई कदम भी उठा सकते हैं, जैसे सक्रिय जीवनशैली बनाए रखना, सावधानीपूर्वक आहार विकल्प चुनना और पोषक तत्वों की खुराक लेना। हृदय स्वास्थ्य को समर्थित करने के लिए पोषण सप्लीमेंट्स के महत्व पर टिप्पणी करते हुए, डॉ. केंट ब्रैडली, हर्बलाइफ के मुख्य स्वास्थ्य और पोषण अधिकारी, ने कहा, "एक स्वस्थ आहार सामान्य रूप से हृदय स्वास्थ्य के लिए आधार होता है, और पोषण सप्लीमेंट्स आहार में किसी भी पोषणिक गैप को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जैसे कि ओमेगा-3 फैटी एसिड, कोएंजाइम क्यू10, और मैग्नीशियम एक सही तरह से काम करने वाले हृदय का समर्थन करते हैं। हमारी उच्च प्रशंसित हर्बलाइफलाइन कैप्सूल्स में ओमेगा-3 फैटी एसिड्स, जैसे कि ईपीए और डीएचए, समेत होते हैं, जो कोलेस्ट्रॉल और ट्राइग्लिसराइड स्तर को बनाए रखने के द्वारा हृदय रोगों के जोखिम को कम करने में मदद करते हैं।
हर्बलाइफ एक वैश्विक स्वास्थ्य और वेलनेस कंपनी है, और समुदाय दुनिया भर में पोषण आदतों को बेहतर बनाने के लिए मिश्रण स्वादिष्ट, विज्ञान समर्थित उत्पादों – जैसे कि भोजन की जगह लेने वाले शेक, प्रोटीन पाउडर, लक्षित सप्लीमेंट्स, ऊर्जा बूस्टर्स और आयुर्वेदिक पोषण – के साथ लोगों को मौजूदा जरूरी मैक्रो- और माइक्रो-पोषण जैसे प्रोटीन, वसा, विटामिन, और खनिजों के सही संतुलन को प्राप्त करने में मदद करते हैं। इन उत्पादों को व्यक्तिगत आवश्यकताओं और स्वाद को पूरा करने के लिए अनुकूलित किया जा सकता है।

# गणपति की पूजा-अर्चना करने से पूरी होती है मनोकामनाएं : सरोज राठ

## चेयरपर्सन सरोज राठी ने गणेश महोत्सव द्वारा शोभा यात्रा कार्यक्रम में की शिरकत



**टीम एक्शन इंडिया/सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़**
जटवाड़ा में माँ जगदंबे बाल सोसायटी की और से 11 वाँ विशाल श्री गणेश महोत्सव द्वारा शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमे नगर परिषद चेयरपर्सन सरोज राठी ने शिरकत की। चेयरपर्सन सरोज राठी ने गणपति भगवान की पूजा अर्चना करने के बाद रिबन काट कर यात्रा का शुभारंभ किया और सभी बहादुरगढ़ वासियों की खुशहाल , खुश व और समृद्धि के लिए भगवान श्री गणेश से मंगल कामना की। शोभा यात्रा कार्यक्रम में पहुंची चेयरपर्सन सरोज रमेश राठी का आयोजकों ने पटका पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर चेयरपर्सन सरोज रमेश राठी ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि गणपति जी की देशभर में पूजा अर्चना हो रही है। हर जगह गणपति बप्पा मोरया की गूंज सुनाई दे रही है। गणपति की पूजा अर्चना करने से ही एक सकारात्मक ऊर्जा हमारे अंदर पनपती है। मुझे सौभाग्य प्राप्त हुआ है कि मुझे भी गणपति उत्सव कार्यक्रम में शिरकत करने का मौका मिला। उन्होंने कहा कि अपनी संस्कृति व परंपरा को आगे बढ़ाते हुए हम त्यौहार मनाते हैं। यह बहुत अच्छी बात है। उन्होंने महिलाओं व आमजन को कहा कि वे बच्चों को हर त्यौहार व परंपरा के मनाने के पीछे की वजह को विस्तार से अवगत कराएं ताकि बच्चों में इसके प्रति जानकारी जरूर हो।
चेयरपर्सन सरोज रमेश राठी ने गणपति भगवान की पूजा अर्चना करते हुए कहा कि गणपति जी की पूजा अर्चना करने से ही सभी संकट दूर होते हैं और सभी की मनोकामनाएं पूरी होती है। उन्होंने गणपति जी के दरबार में मत्था टेक कर सर्वजन की भलाई व उनके स्वस्थ एवं समृद्ध जीवन की कामना भी की।

## ढिल्लों जन सेवा ट्रस्ट के सौजन्य से लगा छठा निशुल्क नेत्र जांच शिविर

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा नारनौल । मंगलवार** को जन सेवा ट्रस्ट के माध्यम से एसपी कोठी के सामने ढिल्लो निवास पर आयोजित छठे निशुल्क निशुल्क नेत्र जांच शिविर कैंप में 890 लोगों ने अपनी आंखों को चेक करवाई तथा निशुल्क चिकित्सा कैंप का लाभ उठाया। इंदिरा गांधी आई हॉस्पिटल गुरुग्राम के द्वारा मोतियाबिंद के ऑपरेशन के तौर पर 110 लोगों को आज चिन्हित किया गया। वहीं आज प्रथम बैच के हिसाब से 35 लोगों को एसी बस में बैठाकर बस को आम आदमी पार्टी कार्यकर्ता रविंद्र सिंह मटरू व उनकी धर्मपत्नी दीपशिखा और उनके साथ आम आदमी पार्टी महिला जिला प्रधान ज्योति सैनी ने हरी झंडी दिखाकर बस को गुड़गांव हॉस्पिटल के लिए रवाना किया। इस मौके पर निशुल्क चिकित्सा कैंप का लाभ उठा चुके लाभार्थियों ने आज ढिल्लो निवास पहुंच कर मोतियाबिंद का ऑपरेशन करवाने वाले गाँव शहर के बुजुर्ग लोगों ने अस्पताल की व्यवस्थाओं के बारे में बताते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी कार्यकर्ता रविंद्र सिंह मटरू के नेतृत्व में अस्पताल के द्वारा उनको शानदार सुविधाओं का लाभ दिया गया और बड़ी बारीकी से जांच कर उनकी आंखों का सफल ऑपरेशन अस्पताल के जाने-माने आई विशेषज्ञ टीम के द्वारा किया गया। इस अवसर पर आम आदमी पार्टी कार्यकर्ता रविंद्र सिंह मटरू ने बताया कि जन सेवा ट्रस्ट के सौजन्य से पाँच निशुल्क कैंप लगवाए गये हैं और निशुल्क कैंप के द्वारा 500 से ज्यादा लोगों का मोतिया बिंद का सफल ऑपरेशन करवा कर उनकी आंखें बनवा दी गई है और इसी क्रम में अगला निशुल्क नेत्र जांच शिविर कैंप 1 नवंबर को लगेगा।

## खेड़ी तगा में मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत कलश में एकत्रित की घर-घर की मिट्टी



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर। खेड़ी** तगा मंगलवार को शहीदों व स्वतंत्रता सेनानियों की जय-जयकार से गूंज उठा। मौका था मेरी माटी मेरा देश अभियान के अंतर्गत अमृत कलश यात्रा के आयोजन का, जिसमें लोगों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। एसडीएम डा. निर्मल के निर्देशन में गन्नौर खंड में मेरी माटी मेरा देश अभियान में खेड़ी तगा गांव में अभियान चलाया गया, जिसका नेतृत्व सरपंच वेदप्रकाश कर रहे थे। अमृत कलश यात्रा में शामिल हुए ग्रामीणों ने जोरदार नारे लगाते हुए गांव को देशभक्ति के रंग से सराबोर कर दिया। सरपंच के भाई महेन्द्र सिंह रंगा ने कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत आयोजित मेरी माटी मेरा देश अभियान शहीदों को समर्पित है। सरपंच वेदप्रकाश व ग्राम सचिव कुलदीप ने ग्रामीणों को पंच प्रण की शपथ दिलाई। उन्होंने ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण के लिए विशेष रूप से प्रोत्साहित किया।

## हनी स्पोर्ट्स एकेडमी दीपालपुर में रग्बी टीम का चयन 27 सितंबर को

**राई।** 37 वें राष्ट्रीय खेलों में भाग लेने वाली हरियाणा की रग्बी की टीम का चयन 27 सितंबर को होगा। हरियाणा राज्य रग्बी फुटबाल संघ के प्रधान सरविंदर डबास ने बताया की 25 अक्टूबर से 9 नवंबर तक गोवा में होने वाले खेलों के लिए ट्रायल हनी स्पोर्ट्स एकेडमी दीपालपुर, बहालगढ़ में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी इच्छुक खिलाड़ी सुबह 8 बजे एकेडमी के ग्राउंड पर रिपोर्ट कर सकते हैं। सिलेक्शन ट्रायल में भाग लेने के लिए हरियाणा का स्थाई निवासी होना आवश्यक शर्त है। चयनित खिलाड़ियों का प्रशिक्षण शिविर लगाया जाएगा। सिलेक्टेड खिलाड़ियों में से प्रशिक्षण शिविर के दौरान की परफॉर्मेंस, उपस्थिति तथा पूर्व के प्रदर्शन को देखते हुए फाइनल सिलेक्शन किया जाएगा।

## 'सफलता के लिए शिक्षक अपने छात्रों में प्रेरणा की अधिक भावना विकसित करें'



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर। रेलवे रोड** पर अग्रवाल अस्पताल के पास स्थित एस आर के स्कील सैंटर में निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं भंडारे का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारम्भ मन्नत ग्रुप आफ होटल्स के डायरेक्टर विरेन्द्र कादियान ने किया। नगरपालिका के चेयरमैन अरूण त्यागी ने सैंटर के छात्रों का मागर्दशन किया। विशिष्ठ अतिथि सुरेश कालरा, नवीन गुलिया राकेश, जसबीर अहलावत कुमार ने शिरकत की। कार्यक्रम में पहुंचने पर सैंटर के संचालक जोगिन्द्र राजपूत ने अतिथियों का स्वागत किया। विरेन्द्र कादियान ने संबोधित करते हुए कहा कि आज के युग में विभिन्न तरीके से लोग जन्मदिन मनाते है लेकिन सैंटर संचालक जोगेन्द्र द्वारा निशुल्क स्वास्थय जांच शिविर व भंडारे का आयोजन करके सराहनीय कार्य किया है। शिविर में सिग्नस जे. के हिंदू अस्पताल से डा. विरेन्द्र के नेतृत्व में टीम ने अपनी सेवाएं दी। शिविर में सैंटर के 350 छात्र- छात्राओं के अलावा आसपास के दुकानदारों ने अपने स्वास्थय की जांच करवाई। कादियान ने संबोधित करते हुए कहा कि सफलता को प्रोत्साहित करना एक और तरीका है जिससे शिक्षक अपने छात्रों में प्रेरणा की अधिक भावना विकसित कर सकते हैं।

## कांग्रेस तुष्टीकरण की राजनीतिके लिए किसी भी हद तक जा सकती है :नेहरा

### भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य आजाद सिंह नेहरा ने ग्रामीणों को पार्टी की नीतियों से कराया अवगत



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर। भारतीय जनता पार्टी** के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य आजाद सिंह नेहरा ने गांव आहुलाना व अटायल मे जनसम्पर्क अभियान के तहत पार्टी की जनकल्याणकारी नीतियों की जानकारी ग्रामीणों को दी। अभियान के दौरान नेहरा ने 12 सितम्बर को गन्नौर विधान सभा के पन्ना प्रमुख सम्मेलन को सफल बनाने के लिए ग्रामीणों का आभार भी व्यक्त किया। नेहरा ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा तुष्टीकरण की राजनीति अपने स्वार्थ साधने के लिए किसी भी हद तक गिर सकती है। जिसका ताजा उदाहरण विपक्षी गठबंधन है। कांग्रेस शासन के दौरान जब भी कोई विदेशी शासनाध्यक्ष भारत में आकर भाजपा के शासनकाल मे मोदी के नेतृत्व मे वाराणसी हरिद्वार और प्रयागराज जैसे धार्मिक स्थलों पर गंगा आरती मे हिस्सा लेते है।

**निशाने पर कांग्रेस**

**8 गन्नौर विधान सभा के पन्ना प्रमुख सम्मेलन को सफल बनाने के लिए ग्रामीणों का आभार भी व्यक्त किया**

आज गठबंधन के नेता भारत विरोधी विदेशी ताकतों के प्रवक्ता की भूमिका निभाते नजर आते है। इस अवसर उन्होंने उक्त गांवों में चल रहे विकास कार्यों का भी जायजा लिया। ग्रामीणों ने कुछ समस्याएं भी नेहरा के समाने रखी। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों की समस्याओं के बारे मे सम्बन्धित अधिकारी और विधायक निर्मल चौधरी को अवगत करा दिया है।
उन्होंने जल्द समाधान का भरोसा दिलाया है। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि अजीत सिंह आहुलाना ,कृष्ण खासा ,महासिह खासा ,सुखबीर, सुरेन्द्र पहल ,अटायल से पूर्व सरपंच इन्द्र सिंह, रामकुमार खासा व नीरज तोमर आदि उपस्थित रहे।

## दातौली गांव में हत्या के मामले में आरोपीतों को गिरफ्तार कर लिया 1 दिन के रिमांड पर

**खुलेंगे राज**

**8 पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर एक दिन के रिमांड पर लिया है। जबकि नाबालिक को कोर्ट में पेश कर बाल सुधार गृह भेज दिया**

**गन्नौरः दतौली में** युवक की चाकुओ से गोद कर हत्या करने के मामले में क्राइम यूनिट गन्नौर की टीम ने दो आरोपितों को हिरासत में लिया है। आरोपी वंश दतौली का रहने वाला है। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर एक दिन के रिमांड पर लिया है। जबकि नाबालिक को कोर्ट में पेश कर बाल सुधार गृह भेज दिया है। इस मामले में जानकारी देते हुए एसीपी गन्नौर गोरखपाल राणा ने बताया कि बीते दिनों दतौली में एक युवक की चाकुओ से गोद कर गांव के ही युवकों ने हत्या कर दी थी। जिसके बाद पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर मामला दर्ज कर करते हुए दो आरोपियो को गिरफ्तार किया है। जिसमें एक नाबालिक है और दूसरा आरोपी वंश दतोली का रहने वाला है। जबकि इनका एक साथी अभी उपचारधीन है। पुछताछ करने पर आरोपी वंश ने बताया कि आपसी कहासुनी के चलते उस वारदात को अंजाम दिया है। इनकी पहले कहा सुनी हुई थी। जिसके चलते उन्होंने बदला लेने के लिए उसकी हत्या कर दी। पुलिस रिमांड के दौरान हथियार बरामद करने की कोशिश करेगी। इस मामले में जल्द ही अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## महिंद्रा ट्रक एंड बस ने हरियाणा के रेवाड़ी में किया अपनी 77वीं डीलरशिप का उद्घाटन

**टीम एक्शन इंडिया/रोहतक**
महिंद्रा ट्रक एंड बस डिविजन (एमटीबीडी) ने वित्त वर्ष '23 में कारोबार की मात्रा में साल-दर-साल के आधार पर 50% से अधिक की वृद्धि दर्ज करने के बाद, आज हरियाणा के रेवाड़ी में अपनी नई, अत्याधुनिक डीलरशिप, मेसर्स ग्लोबल ऑटोमार्ट प्रा. लिमिटेड का उद्घाटन किया। महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड में वाणिज्यिक वाहन खंड के व्यवसाय प्रमुख, श्री जलज गुप्ता ने इस मौके पर कहा, ह्लएमटीबीडी, भारतीय वाणिज्यिक वाहन (सीवी - कमर्शियल व्हीकल) बाजार में एक मजबूत ताकत बनने की राह पर है। हम सीवी उद्योग में कुछ क्षेत्रों और कुछ बाजारों में पहले से ही नंबर 3 खिलाड़ी हैं। अब हमारा लक्ष्य है, सभी भौगोलिक क्षेत्रों और खंडों में अपनी स्थिति को और मजबूत करना।

## आयुष विभाग ने लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर

### शिविर में स्कूल के बच्चों को संतुलित आहार के प्रति किया जागरूक



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर। राष्ट्रीय पोषण** माह अभियान के तहत मंगलवार को आयुष विभाग राजकीय मिडल स्कूल गन्नौर मंडी में द्वारा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जांच शिविर में एएमओ डा. बलविन्द्र एचएमओ डा. पुनीत गांधी, आयुर्वेदिक डिस्पैंशर कमेलश, होमोपैथिक डिस्पैंशर मीना आदि के नेतृत्व में आयुर्वेदिक और होम्योपैथिक की निशुल्क दवाईयां वितरित करने के साथ साथ योग सहायकों द्वारा योग क्रियांए भी करवाई गई। डा. पुनीत गांधी ने बताया कि जांच शिविर में स्कूलीं विद्यार्थियों को खाने में हमेशा संतुलित आहार लेने के प्रति जागरूक करने के साथ साथ उन्हें ज्यादा से ज्यादा तरल पदार्थ, हरी सब्जी, फल, दूध, दही जैसे पोष्टिक आहार लेने के लिए प्रेरित किया। जांच शिविर में 197 बच्चों को विभिन्न प्रकार के रोगों के लिए औषधियाँ दी गई। इस मौके पर योग सहायक सीमा, प्रोमिला, मीनाक्षी आदि मौजूद थे।

## शिक्षा के माध्यम से बनाया जा सकता है समृद्ध भारत : कुलपति

### किसी भी राष्ट्र के विकास में शिक्षा का अहम योगदान होता है: कुलपति प्रो. प्रकाश सिंह



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत/ दीनबंधु छोटू** राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,मुरथल के कुलपति प्रो. प्रकाश सिंह ने कहा कि किसी भी राष्ट्र के विकास में शिक्षा का अहम योगदान होता है। शिक्षा के माध्यम से ही देश को समृद्ध बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि देश को विकसित बनाने में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी का अहम योगदान होता है। हम सब मिलकर समृद्ध भारत बनाएगें।
डीसीआरयूएसटी,मुरथल के दीनदयाल उपाध्याय के सभागार में जी 20 यूनिवर्सिटी कनेक्ट फिनाले में ऑनलाइन माध्यम से कुलपति प्रो.श्रीप्रकाश सिंह के नेतृत्व में रजिस्ट्रार प्रो.सुरेश कुमार व छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो.सुखदीप सिंह , शिक्षकों व विद्यार्थियों ने भाग लिया। कुलपति प्रो.सिंह ने कहा कि प्राचीन काल में देश की शिक्षा व्यवस्था के कारण ही हमारा देश समृद्ध था। राष्ट्र को विकसित बनाने में शिक्षा का अहम योगदान होता है। देश में नई शिक्षा नीति के माध्यम से व्यापक परिवर्तन किया गया है, ताकि विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण करने के साथ ही साथ रोजगार देने वाले बने। उन्होंने कहा कि 2047 में देश को विकसित बनाने में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी का अहम योगदान होगा। वर्तमान समय में वही राष्ट्र विकसित देशों की श्रेणी में शामिल हैं जिन्होंने शोध, नवाचार पर विशेष ध्यान दिया है। हमारा देश इस पथ पर निरंतर अग्रसर है। कुलपति प्रो.सिंह ने कहा कि हमारे देश विश्व का सबसे युवा देश हैं ,क्योंकि विश्व में सबसे ज्यादा युवा हमारा देश में हैं। हमारे देश के युवाओं में किसी भी प्रतिभा की कमी नहीं है, यही कारण है कि वैश्विक स्तर प्रतिष्ठित कंपनियों में हमारे देश का युवा नेतृत्व कर रहा है। आज का युवा आने वाले कल में भारत देश का नेतृत्व करेगा।

## समस्या का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो पुनः आन्दोलन का सहारा लेगी संघर्ष समिति

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा नारनौल। मण्डी** अटेली अण्डरपास निर्माण संघर्ष समिति संचालक डॉ राजेन्द्र प्रसाद खरब ने आज उत्तर पश्चिम रेलवे जयपुर के उच्च अधिकारियों से फाटक नंबर 30 अटेली मण्डी अण्डरपास निर्माण कार्य में हो रही देरी के बारे में टेलिफोनिक वार्ता की. और कार्य की प्रगति के बारे जानकारी प्राप्त की। डीआरएम जयपुर ने अवगत कराया कि कुछ और शेष प्रशासनिक प्रकिया पूरी की जा रही है और प्रशासनिक प्रकिया पूरी होते ही अति शीघ्र अण्डरपास निर्माण का शेष कार्य पूरा कर दिया जाएगा। चीफ इन्जिनियर के.जी.अग्रवाल ने बताया कि अक्टूबर माह में शेष निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। संघर्ष समिति संचालक डॉ राजेन्द्र प्रसाद ने अधिकारियों को अवगत कराया कि लोगों को भारी परेशानी हो रही है। यदि ग्रामीणों की इस समस्या का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो संघर्ष समिति को पुनः आन्दोलन का सहारा लिया जाएगा। जिसकी समस्त जुम्मेवारी रेलवे प्रशासन की होगी।
संघर्ष समिति का मानना है कि यह निमार्ण कार्य जनहित में करवाया जाना बेहद जरूरी है। इस अण्डरपास के बनने से एक ओर अनाज मंडी, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, ब्लाक कार्यालय, तहसील कार्यालय, दोनों वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, दोनों महाविद्यालय, सभी बैंकों में, ट्रैजेरी तथा बाजार जाने वाले को सुविधा होगी। डा राजेन्द्र प्रसाद खरब ने बताया कि तोबडा. गांव के नागरिकों को ट्रैक के दूसरी ओर स्थित श्मशान घाट में अन्तिम शवयात्रा में शामिल होने वाले ग्रामीणों को सदैव दुर्घटना व हादसा होने का डर रहता है। इसलिए जनहित में फाटक नंबर 30 अटेली मण्डी अण्डरपास निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूरा किया जाए।

# मैत्री गणपति महोत्सव परिवार द्वारा निकाली गई भव्य शोभा यात्रा







**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**रानी** बाग के महेंद्रा पार्क रामलीला मैदान में मैत्री गणपति महोत्सव परिवार द्वारा आयोजित गणपति महोत्सव के दौरान घोड़ी बग्गी व बैंड बाजों के साथ भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा के दौरान भव्य झांकियां निकाली गई, जिसमें हजारों की तादात में लोगों ने हिस्सा लिया। शोभा यात्रा में बप्पा को रथ में बैठाकर रानी बाग गणपति पंडाल से निकलकर, सेंट कोलंबो पब्लिक स्कूल से होते हुए रानी बाग मैन मार्किट से निकलकर श्री नगर, राजा पार्क से होते हुए अपने गंतव्य तक पहुंची।

इस दौरान भव्य और मन को मोहने वाली भव्य झांकियां भी निकाली गई। इस दौरान संस्था के प्रधान राजेंद्र यादव, महासचिव दीपक मेहरा, उपाध्यक्ष बलराम चावला के अलावा मोनू भाटिया, नवीन जिंदल, मोहन स्वामी, प्रवीण सियाल, अजय मल्होत्रा, प्रमोद गर्ग, अमर अग्रवाल, पीयूष रोहिला, जीतू गर्ग, विकास भाटिया, शिव मोहन मिश्रा, वासुदेव मित्तल, राजेन्द्र मंगला, जुगल सूद, सुनील खन्ना, अरुण छाबड़ा, अनिल कुमार सहित संस्था के



अन्य गणमान्य मौजूद रहें। इस मौके पर संस्था के महासचिव दीपक मेहरा ने बताया कि मैत्री गणपति महोत्सव मे प्रतिदिन धार्मिक, सामाजिक और



सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा हैं। इसी क्रम में संस्था द्वारा नगर निगम के स्कूलों के 250 विद्यार्थियों को कुर्ते पजामे वितरित किए गए।

# पार्षद अजीत यादव ने किया जिला अध्यक्ष ललित यादव का स्वागत



**निरीक्षण...**

- जिला अध्यक्ष ने वार्ड में चल रहे विकास कार्यों एवं सफाई कार्यो का निरीक्षण किया।
- 20 व्हाट्स ग्रुप बनाये गए और 1600 लोगों को जोड़ा गया।




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बादली** विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने भलस्वा वार्ड में रोहिणी जिलाध्यक्ष ललित यादव और जिला सचिव हीरालाल भारतीय का आगमन हुआ। इस मौके पर भलस्वा वार्ड के निगम पार्षद अजीत यादव ने जिलाअध्यक्ष ललित यादव का स्वागत किया।

इस दौरान जिला अध्यक्ष ललित यादव ने वार्ड में चल रहे विकास कार्यों एवं सफाई कार्यो का निरीक्षण किया और जहांगीरपुरी के ब्लॉक में डेंगू मच्छर, मलेरिया की बीमारियों को देखते हुए वार्ड के कई इलाको में फोगिंग व दवाई छिड़काव करवाया गया।

आपको बातदें कि विधायक अजेश यादव और निगम पार्षद अजीत यादव के निर्देश पर वार्ड 17 भलस्वा वार्ड में 20 व्हाट्स ग्रुप बनाये गए और 1600 लोगों को जोड़ा गया। इस मौके पर कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# डीडीए की लैंड पर बैंक्वट हॉल और कब्जे में किया सर्विस रोड़


**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/महेंद्र सिंह**
**दिल्ली में** सरकारी जमीन चाहे वह लैंड डीडीए कि हो या फिर नगर निगम की खाली पड़ी हो भूमि पर कब्जा करना या फिर अतिक्रमण करके निजी तौर पर इस्तेमाल करना कितना सरल है। इस बात का अंदाजा तो इससे पता चल जाता हैं कि मंगोलपुरी औद्योगिक क्षेत्र से रानी बाग की ओर जाने वाले मार्ग पर डीडीए की लैंड पर कुछ चर्चित बैंक्वट हॉल बने हुए हैं।

जिन्होंने शादी ब्याह में आई गाडियों की पार्किंग की व्यवस्था करने के लिए सर्विस रोड़ को कब्जा कर निजी तौर पर बेधड़क इस्तेमाल कर रहे हैं। मामले में सवाल यह



खड़ा होता हैं कि इन बैंक्वट हाल वालों ने डीडीए से बैंक्वट हॉल के लिए भूमि लीज़ पर ली हैं, या फिर सर्विस रोड़ को भी लीज़ पर ले लिया हैं, जिसको वह निजी तौर पर इस्तेमाल कर रहें हैं।

**सुविधा के लिए बना सर्विस रोड़ कब्जे की जद में:** लाखों करोडों रूपये खर्च करके पैदल चलने वालों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सरकार सर्विस रोड़ का निर्माण करवाती हैं, जिससे कि हादसों को कम किया जा सकें। वहीं पैसों और रूतबे की वजह से और संबंधित प्रशासन की लापरवाही का खामियाजा आम



जनता को भुगतना पड़ता हैं।

**क्या कहते हैं राहगीर:** वहीं जब मामले में चार-पांच साइकिल सवार व पैदल जाने वाले राहगीरों से पूछा गया तो उन्होने बताया कि हमें तो यही नहीं पता हैं कि इस मामले में शिकायत कहां पर करें और अगर मालूम भी हो तो क्या फायदा शिकायत करने का हमारी किसी ने सुननीं ही नही हैं। वहीं दूसरे ने बताया कि मेन रोड़ पर ही यहीं हाल हैं, और पास में ही दिल्ली पुलिस उपायुक्त कार्यालय भी हैं। बावजूद इसके सर्विस रोड़ पर कब्जा दिखाई नहीं दिया पुलिस और संबंधित अधिकारी को।

# अखिल भारतीय यदुवंशी महासभा ने टॉपर प्रियंका यादव को दी बधाई

## अखिल भाग्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय रानापार बीए की छात्रा प्रियंका यादव को मिले पांच गोल्ड मेडल




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**अखिल** भारतीय यदुवंशी महासभा के राष्ट्रीय महासचिव जीडी यादव ने यूनिवर्सिटी टॉपर गोरखपुर प्रियंका यादव को बधाई दी और श्री यादव ने कहा कि दीदउ गोविवि के संबद्ध कॉलेज अखिल भाग्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय रानापार बीए की छात्रा प्रियंका यादव जोकि सुभाष यादव की पुत्री है और ग्राम पंचायत महुअरकोल की निवासी है, उनको पांच गोल्ड मेडल मिले है। इस मौके पर जीडी यादव चाचा ने प्रियंका यादव के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि बिटिया प्रियंका यादव भविष्य में भी इसी प्रकार से क्षेत्र का नाम रोशन करेगी। राष्ट्रीय महासचिव जीडी यादव ने कहा कि अखिल भारतीय यदुवंशी महासभा प्रियंका यादव को बधाई देती है और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है। आपको बातदें कि टॉपर प्रियंका यादव को टॉप करने पर क्षेत्र के गणमान्य लोग आकर उनके निवास पर बधाई दे रहे है और उनके उज्जवल भविष्य की कामना कर रहे है।

### देश का नाम रोशन करेंगी टॉपर प्रियंका यादवः जीडी यादव



**अखिल** भारतीय यदुवंशी महासभा के राष्ट्रीय महासचिव जीडी यादव ने दीदउ गोविवि के संबद्ध कॉलेज अखिल भाग्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय रानापार बीए की छात्रा प्रियंका यादव को टॉप करने पर बधाई दी और बताया कि प्रियंका यादव को पांच गोल्ड मेडल भी मिले। मैं उनके उज्जवल भविष्य की कामना करना हूं।

# धूमधाम से मनाई गई संत दुर्बलनाथ जयंती, जगह-जगह निकाली गई शोभा यात्रा






**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**संत दुर्बल** नाथ जी महाराज जी की जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। इसी मौके पर संत दुर्बल नाथ जी की शोभायात्रा दिल्ली में रामलीला मैदान से अजमेरी गेट, पहाड़ गंज, करोल बाग, देवनगर, संत नगर होते हुए दुर्बल नाथ मन्दिर में समाप्त हुई। इस दौरान रामलीला मैदान से लेकर टैंक रोड़ तक जगह-जगह भंडारे का आयोजन किया।

**हजारों की संख्या में दर्शन करने पहुंचे श्रद्धालुः** इसी कड़ी में नांगलोई विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त वार्ड नंबर 45 ज्वालापुरी, मंगोल पुरी, इन्द्र पुरी, उत्तम नगर आदि कॉलोनियों में भी ऊंट, घोडा बग्गी शोभा यात्रा निकाली गई तथा कई जगहों पर भंडारे का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर के.एस.ई संस्था के अध्यक्ष विजय बडगुजर ने बताया संत दुर्बल नाथ जी महाराज का जन्म भद्रपद झल्झुलनी एकादशी वि.स.1918 को अलवर जिले में हुआ।

**महाराज ने दीनदुखियों की सेवा में जीवन किया अर्पणः** संत दुर्बल नाथ जी महाराज जी ने अपना सारा जीवन अनाथ दीनदुखियो की सेवा में अर्पण कर दिया। संत श्री दुर्बल नाथ जी ने आश्रम बांदीकुई राजस्थान में चेत्रसुदी पूर्णिमा के वि.स.1986 को भक्तो के सम्मुख अपना शरीर त्याग दिया। विजय बडगुजर ने दिल्ली सरकार पर रोष जताते हुए आरोप लगाया हैं की दिल्ली सरकार संत, महात्मा विरोधी है।

दिल्ली सरकार के समाज कल्याण विभाग द्वारा संत दुर्बल नाथ जी महाराज के जन्मदिवस पर राष्ट्रीय न्यूज पेपरों में हर वर्ष संत दुर्बल नाथ जी की फोटो के साथ जन्मदिन बधाई विज्ञापन छपवाती है। लेकिन इस वर्ष केजरीवाल सरकार ने संत दुर्बल नाथ जी के जन्मदिन पर विज्ञापन नहीं छपवाया।

ACTION INDIA
# एक्शन इंडिया
Front Page - 2
एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 27 सितंबर 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417
RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

फास्ट न्यूज

## राजस्थान खेल युवा महोत्सव 1 अक्टूबर से होगा

**जयपुर:** राजस्थान युवा बोर्ड के अध्यक्ष सीताराम लांबा ने कहा कि राजस्थान खेल युवा महोत्सव 1 अक्टूबर से 3 अक्टूबर तक सवाई मानसिंह स्टेडियम में मनाया जाएगा। इस महोत्सव का मुख्य उद्देश्य राज्य के प्रतिभाशाली युवा कलाकारों की खोज करना और उन्हें प्रशिक्षण एवं सुविधा देकर राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए तैयार करना है। लांबा मंगलवार को सवाई मानसिंह स्टेडियम में महोत्सव के उद्घाटन समारोह के संबंध में आयोजित प्रेस कान्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। लांबा ने बताया कि एक अक्टूबर को समारोह के उद्घाटन के लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को आमंत्रित किया गया है। इस अवसर पर उन्होंने राजस्थान युवा बोर्ड का लोगो भी जारी किया। उन्होंने बताया कि इस महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जायेगा। 2 अक्टूबर को प्रसिद्ध गायक सुखविंदर सिंह अपनी प्रस्तुति देंगे। करीब 15 हजार युवा इस महोत्सव में भाग लेंगे। महोत्सव में नृत्य, वाद-विवाद, योग, मार्शल-आर्ट, चित्रकला आदि प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी। लांबा ने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि वे ज्यादा से ज्यादा संख्या में महोत्सव में भाग ले। उन्होंने कहा कि इस महोत्सव में विजेताओं को नकद पुरस्कार प्रमाण पत्र एवं कला रत्न पुरस्कार दिए जाएंगे। इस अवसर पर युवा मामले एवं खेल विभाग के उपाध्यक्ष सुशील पारीक, उप शासन सचिव सुन्दर लाल, सचिव राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद सोहन लाल चौधरी एवं सचिव राजस्थान युवा बोर्ड कैलाश चन्द पहाड़िया मौजूद रहें।

## दुनिया के बड़े आर्थिक प्लेयर के रूप में उभर रहा भारत : शेखावत

**जयपुर:** केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि भारत आर्थिक मोर्चे पर निरंतर प्रगति करते हुए नए आर्थिक प्लेयर के रूप में उभर रहा है। देश में विदेशी निवेश बढ़ रहा है। आधारभूत ढांचे में निवेश के कारण प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप में लाखों रोजगार सृजित हो रहा है। भारत प्रगति के पथ पर अग्रसर हो रहा है। शेखावत मंगलवार को केन्द्र सरकार की ओर से आयोजित रोजगार मेले को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अर्थव्यवस्था जिस गति से बढ़ रही है। उससे रोजगार का सृजन हो रहा है। हाईड्रोजन फ्यूल, स्पेस हो या मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग इन सेक्टरों में रोजगार मिल रहा है। शेखावत ने कहा कि देश में सरकार के अलावा भी रोजगार के अवसर नित्य प्रतिदिन मिले। देश की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने के साथ देश में पूंजीगत व्यय को बढ़ाकर प्रधानमंत्री ने देश में एक नए रोजगार सृजन की परिभाषा लिखी है। जिस दिशा में और जिस गति से भारत अब आगे बढ़ रहा है, एक तरफ विश्व उसे देखकर विस्मृत है, दूसरी तरफ भारत अब विकसित भारत बनेगा ये धीरे-धीरे पूरा विश्व स्वीकार करने लगा है। मेले में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ऑनलाइन जुड़कर शिरकत की। मेले में देश भर में विभिन्न केन्द्रीय विभागों और मंत्रालयों में 51 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे गए। शेखावत ने कहा कि युवाओं के सपनों को उड़ान देने के लिए सरकार ने मंच दिया। देश में एक लाख से ज्यादा स्टार्ट अप हैं।

# पत्र सूचना और केंद्रीय संचार ब्यूरो ने हिंदी पखवाड़े का आयोजन किया

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हिंदी भाषा के विस्तार और प्रचार के लिए पत्र सूचना कार्यालय चंडीगढ और केंद्रीय संचार ब्यूरो चंडीगढ़ ने सम्मेलन कक्ष में हिन्दी पखवाड़े का आयोजन किया। राजभाषा विभाग चंडीगढ़ से सहायक निदेशक अरविंद कुमार और जानी मानी शिक्षिका धानेश्वरी शर्मा मुख्य अतिथि के रुप में शामिल हुए।
पत्र सूचना कार्यालय व केंद्रीय संचार ब्यूरो चंडीगढ़ ने कई प्रतियोगिताएं करवाई जिसमें कार्यालय के कर्मचारियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। पत्र सूचना कार्यालय चंडीगढ़ द्वारा आयोजित भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान धर्म सिंह ने, द्वितीय स्थान दुर्गावती ने और तृतीय स्थान पवन कुमार ने हासिल किया। प्रोत्साहन पुरस्कार हिमांशी को व अन्य कर्मचारियों की श्रेणी में प्रथम दीपक को और द्वितीय स्थान रिंकू जी को प्राप्त हुआ। पत्र सूचना कार्यालय चंडीगढ़ द्वारा आयोजित हिंदी लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सुधीर ने, द्वितीय स्थान धर्म



सिंह ने और तृतीय स्थान पर पवन कुमार हासिल किया। साथ ही प्रोत्साहन पुरस्कार तनवीर खिलजी को दिया गया। अन्य कर्मचारियों की श्रेणी में प्रथम स्थान रिंकू जी को और द्वितीय







स्थान दिनेश जी को। केंद्रीय संचार ब्यूरो चंडीगढ़ द्वारा आयोजित हिंदी लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान क्षेत्रीय प्रचार सहायक रूस ने, द्वितीय स्थान तकनीकी सहायक कमल रावत ने और तृतीय स्थान पर कार्यालय सहायक राम अकबाल हासिल किया। साथ ही प्रोत्साहन पुरस्कार बहुउद्देश्य कर्मचारी सचिन कुमार को दिया गया।
केंद्रीय संचार ब्यूरो चंडीगढ़ द्वारा आयोजित भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान क्षेत्रीय प्रचार सहायक रूस ने, द्वितीय स्थान तकनीकी सहायक कमल रावत ने और तृतीय स्थान बहुउद्देश्य कर्मचारी सचिन कुमार ने हासिल किया।
मुख्य अतिथि ने विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि हमें अंग्रेजी भाषा के जिन शब्दों का ज्ञान ना हो तो हम उन शब्दों को राजभाषा की वेबसाइट पर देख सकते हैं। साथ ही कार्यलय ज्यादा से ज्यादा काम हिंदी में करने के लिए प्रोत्साहित किया। अपर महानिदेशक महोदय राजिंद्र चौधरी ने अपने सम्बोधन में कहा कि हमें कार्यालय में काम हिंदी में तो करना चाहिए लेकिन वो काम त्रुटिहीन हिंदी में हो उस पर भी ध्यान देना चाहिए। धन्यवाद प्रस्ताव पेश करते हुए निदेशक महोदय विवेक वैभव जी ने राजभाषा विभाग से आए अधिकारी और सभी प्रतिभागियों का कार्यक्रम में शामिल होने पर धन्यवाद किया। पत्र सूचना कार्यालय चंडीगढ में कार्यक्रम की रूपरेखा क्षेत्रिय प्रचार अधिकारी वाटिका चंद्रा ने की। मंच का संचालन सहायक निदेशक बलजीत सिंह ग्रेवाल ने किया। इस मौके पर पत्र सूचना कार्यालय चंडीगढ और केंद्रीय संचार ब्यूरो चंडीगढ़ के समस्त अधिकारीगण और कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## सीएम नीतीश ने विकास भवन का किया निरीक्षण



**टीम एक्शन इंडिया/पटना**
मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को विकास और विश्वेश्वरैया भवन का औचक निरीक्षण किया। नीतीश कुमार शिक्षा मंत्री चन्द्रशेखर, गन्ना उद्योग मंत्री आलोक कुमार मेहता, उद्योग मंत्री समीर कुमार महासेठ, परिवहन मंत्री शीला कुमारी, कृषि मंत्री कुमार सर्वजीत के कार्यालय पहुंचे, जहां कोई भी मंत्री कार्यालय कक्ष में मौजूद नहीं था। हालांकि, मद्यनिषेध, उत्पाद एवं निबंधन मंत्री सुनील कुमार कार्यालय कक्ष में तुरंत ही पहुंचे थे। जब मुख्यमंत्री उनके कक्ष में खड़े थे तभी भवन निर्माण मंत्री ने कार्यालय में प्रवेश किए। मुख्यमंत्री ने शिक्षा मंत्री को फोन लगवाया और पूछा कि अभी तक कार्यालय क्यों नहीं पहुंचे हैं। सभी को साढ़े नौ बजे तक कार्यालय पहुंचना है। मंत्रियों के समय पर कार्यालय नहीं पहुंचने पर मुख्यमंत्री ने नाराजगी जताई। यही नहीं मुख्यमंत्री के निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य विभाग एवं पथ

**लगाई फटकार**

**नदारद मिले मंत्री और सचिव, मंत्रियों के समय पर कार्यालय नहीं पहुंचने पर मुख्यमंत्री ने नाराजगी जताई**

निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, सहकारिता विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह, कृषि एवं परिवहन विभाग के सचिव संजय कुमार अग्रवाल, स्वास्थ्य विभाग के सचिव संजय कुमार सिंह अपने कक्ष में नदारद मिले। शिक्षा विभाग के सचिव वैद्यनाथ यादव भी कार्यालय में नहीं थे। इन सभी की अनुपस्थिति पर मुख्यमंत्री ने नाराजगी व्यक्त की। उद्योग विभाग के अपर मुख्य सचिव संदीप पौण्ड्रिक, भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि अपने कार्यालय में उपस्थित थे। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक भी कक्ष में नहीं थे। वे



`केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत रोजगार मेले में युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपते हुए।

## क्रिप्टो करेंसी मार्केट में रौनक, बिटकॉइन-एथेरियम में उछाल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**क्रिप्टो करेंसी मार्केट** में तेजी का रुख बना हुआ है। मार्केट कैप के लिहाज से टॉप-10 में शामिल क्रिप्टो करेंसीज में से सिर्फ 1 आभासी मुद्रा ही गिरावट के साथ रेड जोन में नजर आ रही है जबकि शेष 9 आभासी मुद्राएं आज बढ़त के साथ ग्रीन जोन में बनी हुई हैं। दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन में भी आज तेजी का रुख बना हुआ है। इसके साथ ही आज क्रिप्टो मार्केट में बिटकॉइन की हिस्सेदारी भी बढ़ी है। भारत में क्रिप्टो करेंसी का कारोबार करने के लिए अधिकृत एजेंसी कॉइन मार्केट कैप से मिली जानकारी के मुताबिक भारतीय समय के हिसाब से आज शाम 5 बजे तक बिटकॉइन 0.54 प्रतिशत की तेजी के साथ 26,229.20 डॉलर यानी 21.85 लाख रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहा था।
इसी तरह दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी एथेरियम की कीमत भी आज 1.11 प्रतिशत की मजबूती के साथ उछल कर 1,588.15 डॉलर के स्तर पर आ गई थी।

## विवाद से विश्वास-एक योजना में एमएसएमई के 256 करोड़ के दावे मंजूरी

**नई दिल्ली:** केंद्र सरकार ने विवाद समाधान योजना विवाद से विश्वास-एक के तहत सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के 256 करोड़ रुपये के रिफंड से जुड़े 10 हजार से अधिक दावों को स्वीकार कर लिया है। इसकी शुरूआत सरकारी ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) पोर्टल के जरिए की गई थी। वित्त मंत्रालय ने जारी बयान में कहा कि भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों ने विवाद से विश्वास-एक योजना के तहत एमएसएमई के 10 हजार से ज्यादा दावों को स्वीकार कर लिया है।




## अशोक गहलोत वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये राऊज एवेन्यू कोर्ट में पेश हुए

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**केंद्रीय मंत्री गजेंद्र** सिंह शेखावत की ओर से दर्ज मानहानि मामले में राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत मंगलवार को दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट में वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये पेश हुए। एडिशनल मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट हरजीत सिंह जसपाल ने मामले की अगली सुनवाई 6 अक्टूबर को करने का आदेश दिया। सुनवाई के दौरान अशोक गहलोत



के अलावा आज इस मामले में शिकायतकर्ता गजेंद्र सिंह शेखावत वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये मौजूद थे। आज आज अशोक गहलोत की ओर से पेश वकील रमेश गुप्ता ने हाई कोर्ट में लंबित केस से जुड़े दस्तावेज रिकॉर्ड पर लेने की मांग की। उन्होंने कहा कि उनकी मंशा मामले में देरी करने की कतई नहीं है। वे चाहते हैं कि अपराध प्रक्रिया संहिता की धारा 251 के तहत उन्हें सुना जाए। गहलोत के वकील रमेश गुप्ता ने 25 सितंबर को हाई कोर्ट में लंबित केस से जुड़े दस्तावेज पेश करने की मांग की थी।

सरकार को घेरा

कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ से किए वादे नहीं किए पूरेः भाजपा

# भाजपा लाई 'कठघरे में कांग्रेस' आरोपपत्र

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भारतीय जनता पार्टी** (भाजपा) ने कांग्रेस के नेतृत्व वाली छत्तीसगढ़ सरकार पर हमला बोला है। पार्टी ने छत्तीसगढ़ सरकार के खिलाफ कठघरे में कांग्रेस नाम से 400 पन्नों का आरोपपत्र (चार्जशीट) जारी किया है। भाजपा नेता संबित पात्रा ने मंगलवार को पत्रकार वार्ता में कहा कि 5 राज्यों में चुनाव होने वाले हैं। कांग्रेस हमेशा की तरह झूठे वादे कर रही है। कांग्रेस को आईना दिखाने के लिए वे 400 पन्नों का आरोप पत्र लेकर आए हैं। राहुल गांधी के 316 वादे ऐसे




हैं, जिन्हें छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार ने पूरा नहीं किया है। प्रधानमंत्री ने किसानों के लिए किसान सम्मान निधि योजना प्रारंभ की। छत्तीसगढ़ के लाखों किसान इस योजना के अंतर्गत पंजीकृत हुए लेकिन राज्य सरकार ने उस सूची का सत्यापन नहीं किया। इसके कारण छत्तीसगढ़ के लाखों किसानों को सालाना 6 हजार रुपये नहीं मिल पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने नक्सलवाद को समाप्त करने का काम किया लेकिन नक्सलियों को बढ़ावा और नक्सलियों के माध्यम से भाजपा कार्यकताओं की हत्या भी छत्तीसगढ़ सरकार ने करवाई है। कांग्रेस सरकार नक्सलियों के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रही है।